'रिफ्यूजी' (शरणार्थी) शब्द लैटिन शब्द तगेरे (Tugere) से लिया गया है, जिसका अर्थ है सुरक्षा के लिए पलायन करना। शरणार्थी सम्मेलन–1951 और शरणार्थियों की स्थिति से संबंधित 1967 के प्रोटोकॉल के अनुसार, "शरणार्थी एक ऐसा व्यक्ति है जो राजनीतिक या अन्य प्रकार के उत्पीड़न के कारण अपने मूल देश से भाग जाता है और उस देश की सुरक्षा हासिल करने में असमर्थ या अनिच्छुक होता है और इस तरह वह अपनी राष्ट्रीयता खो देता है।" अफ्रीका में अफ्रीकी संघ के 1969 के शरणार्थी समस्याओं के विशिष्ट पहलुओं को नियंत्रित करने वाले सम्मेलन में कहा गया है कि बाहरी आक्रामकता, व्यवसाय, विदेशी वर्चस्व या सार्वजनिक व्यवस्था की गंभीर गड़बड़ी से बच कर भागने वाला व्यक्ति भी शरणार्थी है। 1984 में मध्य और दक्षिण अमेरिकी सरकारों की कार्टाजेना घोषणा में हिंसा, विदेशी आक्रामकता, आंतरिक संघर्ष और बड़े पैमाने पर मानवाधिकार उल्लंघन के कारण अपने जीवन संकट, सुरक्षा या स्वतंत्रता के लिए पलायन करने वाले लोगों को भी शामिल किया गया था।

आश्रय मांगने वाले ऐसे व्यक्ति होते हैं जो शरण मांग रहे हैं लेकिन उनके दावे पर अभी तक निर्णय नहीं लिए गए होते हैं। शरणार्थी अक्सर आप्रवासियों के बड़े मिश्रित समूह में चलते हैं, जिसमें हिंसा, यातना, लक्षित उत्पीड़न से भागने वाले लोगों के साथ–साथ आर्थिक आप्रवासियों, तस्करी के शिकार, खतरे में पड़ी बच्चे एवं महिलाएं और पर्यावरण से विस्थापित लोग शामिल हो सकते हैं। व्यक्तिगत प्रक्रियाओं की तुलना में सामूहिक पलायन को रोकना अधिक दबाव वाला होता है। शरणार्थी और आप्रवासी कानूनी रूप से अलग होते हैं क्योंकि शरणार्थी अंतर्राष्ट्रीय शरणार्थी कानून द्वारा संरक्षित होते हैं।

डायस्पोरा ऐसे "व्यक्तियों और सदस्यों या तंत्रों, संघों और समुदायों को संदर्भित करता है, जिन्होंने अपने मूल देश को छोड़ दिया है, लेकिन उसके साथ संबंध बनाए रखते हैं। यह अवधारणा विदेशों में बसे समुदायों, विदेशों में अस्थायी रूप से बसे आप्रवासी श्रमिकों, मेजबान देश की राष्ट्रीयता वाले व्यक्ति, दोहरी नागरिकता वाले और दूसरी–तीसरी पीढ़ी के आप्रवासियों को शामिल करती है (आईओएम, 2011)। अंतर्राष्ट्रीय समुदाय समकालीन आव्रजन की वास्तविकता का बेहतर वर्णन कर सकता है, जहां आप्रवासी अपने घरेलू समुदायों या अन्य देशों में आप्रवासियों के साथ संपर्क स्थापित और उसे बनाए रख सकते हैं। दरअसल, आईओएम डायस्पोरा और अंतर्राष्ट्रीय समुदायों का परस्पर उपयोग करता है (आईओएम, 2017)।

आंतरिक रूप से विस्थापित व्यक्ति (आईडीपी) ऐसा व्यक्ति या व्यक्तियों का समूह होता है जो सशस्त्र संघर्ष, हिंसा की स्थिति, मानवाधिकार उल्लंघन और प्राकृतिक या मानव निर्मित आपदाओं से बचने के लिए अपने घर या निवास स्थानों को छोड़ने या भागने के लिए बाध्य होता है और जिसने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त एक राज्य सीमा पार नहीं की है (आंतरिक विस्थापन पर मार्गदर्शक सिद्धांत, ओसीएचए/यूएन, 1998)। लौटे आप्रवासी वे व्यक्ति हैं जो "...दूसरे देश में कम–से–कम एक वर्ष बिताने के बाद अपने मूल देश या निवास स्थान पर लौटते हैं। यह वापसी स्वैच्छिक हो भी सकती है या नहीं भी" (आईओएम, 2011)

अनियमित आव्रजन भेजने, पारगमन और अपनाने वाले देशों के नियामक मानदंडों के बाहर होता है। यह आव्रजन नियमों के तहत आवश्यक प्रावधानों या दस्तावेजों के बिना किसी देश में प्रवेश करना, रहना या काम करना होता है। हालांकि, आप्रवासियों या व्यक्तियों की तस्करी के मामले में ''अवैध आव्रजन'' शब्द का प्रयोग नहीं किया जाता है।

मिश्रित आव्रजन एक नई घटना और एक पुरानी वास्तविकता, दोनों है और विभिन्न देशों में इसे लेकर अलग–अलग व्यवहार किया जाता है। अंतर्राष्ट्रीय आव्रजन संगठन (आईओएम) के अनुसार, ''मिश्रित प्रवाह गैर–कानूनी गतिविधियों व अक्सर पारगमन प्रवास से संबंधित होता है, जहां शरणार्थी, आश्रय मांगने वाले, आर्थिक व अन्य आप्रवासी आवश्यक दस्तावेजों के बिना अनधिकृत तरीके से सीमाओं को पार करते हैं और अपने गंतव्य पर पहुंचते हैं ''। उदाहरण के लिए, भारत इसे मिश्रित आव्रजन के रूप में देखता है, यूरोपीय नीति निर्माताओं के लिए यह अनियमित आव्रजन है और संयुक्त राज्य अमेरिका में यह अवैध आव्रजन है। हाल ही में यूरोपीय नीतिगत बहसों में मिश्रित आव्रजन को संकल्पित करने का प्रयास किया गया है। आश्रय चाहने वाले सीरियाई लोगों की आमद के कारण यूरोप के वर्तमान ''आप्रवासी संकट'' ने नाटकीय रूप से मिश्रित प्रवास के प्रति जागरूकता बढ़ाई है।

सामूहिक प्रवाह और मिश्रित प्रवाह के बीच मूल अंतर यह है कि मिश्रित प्रवाह में कई स्थानों के लोग शामिल होते हैं, जबकि सामूहिक प्रवाह में आमतौर पर एक विशिष्ट क्षेत्र के लोग ही शामिल होते हैं। हालांकि, संघर्ष के समय में मिश्रित प्रवाह एक क्षेत्र से भी शुरू हो सकता है।

गैर–वापसी (आप्रवासियों को उनके मूल देश में वापस भेजने की कार्रवाई) प्रथागत अंतर्राष्ट्रीय कानून का एक सिद्धांत है। यह मेजबान देश को शरण चाहने वाले लोगों को एक ऐसे देश में वापस भेजने से रोकता है जिसमें उन्हें जाति, धर्म, राष्ट्रीयता, किसी विशेष सामाजिक समूह की सदस्यता या राजनीतिक राय के आधार पर उत्पीड़न की आशंका होती है। अलग–अलग देशों ने अपने–अपने तरीके से सिद्धांत की व्याख्या की है। कई यूरोपीय देश मानते हैं कि शरणार्थियों को उनके मूल भेजने की बाध्यता उनके देश में रह रहे शरणार्थियों पर लागू होती है, उन लोगों पर नहीं जो उनके देश की सीमा पर पहुंच चुके हैं और प्रवेश करना चाहते हैं। शरणार्थियों की स्थिति से संबंधित 1951 का संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन का अनुच्छेद 33 (1) कहता है : "कोई भी अनुबंधित राज्य किसी भी तरीके से शरणार्थियों को निष्कासित या लौटा कर उस क्षेत्र या सीमा पर नहीं भेजेगा, जहां उसके जीवन या स्वतंत्रता को उसकी जाति, धर्म, राष्ट्रीयता, किसी विशेष सामाजिक समूह की सदस्यता या राजनीतिक राय के आधार पर खतरा हो सकता है।" गैर–वापसी का सिद्धांत शरण और अंतर्राष्ट्रीय शरणार्थी कानून की आधारशिला है। मानवाधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा के अनुच्छेद 14 में उल्लेखित उत्पीड़न से अन्य देशों में शरण लेने के अधिकार के बाद यह सिद्धांत सभी व्यक्तियों को मानवाधिकार सुनिश्चित करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय समुदाय की उस प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जिसमें जीवन के अधिकार, यातना या क्रूरता व अमानवीय या अपमानजनक व्यवहार या दंड से मुक्ति और व्यक्ति की स्वतंत्रता व सुरक्षा शामिल है। गैर–वापसी सिद्धांत सीमांत अस्वीकृति और प्रवेश निषेध को प्रतिबंधित करता है। अफ्रीकी संघ के संगठन (आईएयू) सम्मेलन द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर वापसी को प्रतिबंधित कर दिया गया। 1990 के दशक में यूरोपीय स्थिति में बदलाव

शुरू हुआ, जब बाल्कन युद्ध से भागकर शरण चाहने वाले लोग बड़ी संख्या में यूरोपीय देशों की सीमाओं पर पहुंचे थे।

अपनी प्रगति की जांच करें अभ्यास 1

नोट : i) उत्तर के लिए नीचे दिए गए खाली जगहों का प्रयोग करें

ii) उत्तर के सुझावों के लिए खंड के अंत में देखें

1. शरणार्थी कौन है? बताएं कि एक शरणार्थी आप्रवासी और डायस्पोरा से कैसे अलग है?

.....

.....

.....

.....

.....

10.3 आव्रजन की राजनीतिक अर्थव्यवस्था

आव्रजन मूल और गंतव्य देशों के अलग–अलग दृष्टिकोण से सकारात्मक और नकारात्मक दोनों परिणाम देता है। आव्रजन का प्रभाव व्यक्तिगत और पारिवारिक स्तर पर सबसे पहले और सबसे अधिक महसूस किया जाता है। आव्रजन से कम कुशल कामगारों को, जिनका अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आवाजाही सबसे अधिक प्रतिबंधित है, वेतन अंतर और सापेक्ष आय लाभ सबसे अधिक होता है। आप्रवासियों की आय में वृद्धि स्वाभाविक रूप से उनके परिवारों के कल्याण और मानव विकास में मदद मिलती है। परिवार अगर मेजबान देश में आप्रवासी के साथ है तो प्रत्यक्ष मदद होती है और अगर वह अपने मूल देश में है तो आप्रवासी द्वारा भेजे गए धन (धन प्रेषण) द्वारा परोक्ष रूप से होती है।

प्रव्रजन बेरोजगारी और अल्प–रोजगार को भी कम कर सकता है, जो मूल देश में विभिन्न तरीकों से गरीबी में कमी और व्यापक आर्थिक एवं सामाजिक विकास को बढ़ावा दे सकता है। भेजा हुआ धन आमतौर पर कई विकासशील देशों के लिए अन्य पूंजी प्रवाह की अपेक्षा कम अस्थिर और अधिक विश्वसनीय विदेशी मुद्रा का स्रोत होता है (विश्व बैंक, 2016)। वर्ष 2016 में भेजे गए धन के मामले में भारत, चीन, फिलीपींस, मेक्सिको और पाकिस्तान शीर्ष पांच देश थे। इनमें चीन व भारत अन्य देशों से बहुत आगे थे और दोनों देशों में से प्रत्येक ने 60 बिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक धन प्राप्त किया। हालांकि, बाहर से आए धन को जीडीपी के प्रतिशत के रूप में देखा जाए तो वर्ष 2016 में शीर्ष पांच देशों में किर्गिस्तान (35.4%) सबसे आगे है, इसके बाद नेपाल (29.7%), लाइबेरिया (29.6%), हैती (27.8%) और टोंगा (27.8%) आता है। वर्ष 2016 में भारत में भेजे गए धन का प्रवाह 62.7 बिलियन अमेरिकी डॉलर था, जो विश्व में सबसे अधिक था और उसी वर्ष पाकिस्तान, श्रीलंका और बांग्लादेश में बाहर से भेजा गया धन उनके जीडीपी के 5 प्रतिशत को पार गया था (विश्व बैंक, 2017)। कुछ देश पूरी तरह भेजे गए धन पर निर्भर हैं और उन्हें 'धन प्रेषण अर्थव्यवस्था' कहा जाता है।

आव्रजन से कौशल, ज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, कार्य संस्कृति का भी हस्तांतरण होता है, जो मूल देश की उत्पादकता में और आर्थिक विकास पर काफी सकारात्मक प्रभाव डालते हैं। उन्हें स्वदेश में निवेश के स्रोत के रूप में देखा जाता है और घरेलू सरकारें आप्रवासियों को निवेश के लिए नियमित रूप से लुभाती रहती हैं। यह भी देखा गया है कि संघर्ष के बाद के पुनर्निर्माण और पुनर्प्राप्ति में आप्रवासी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं (वान हार्ट 2011)।

इस बात पर व्यापक सहमति है कि आव्रजन गंतव्य या मेजबान देशों के लिए आर्थिक और अन्य लाभ भी पैदा करता है। ऑस्ट्रेलिया और कनाडा जैसे देशों में आव्रजन को प्रोत्साहित किया जाता है ताकि आर्थिक विकास का यंत्र काम कर सके। सामान्य तौर पर आव्रजन श्रमिकों को अर्थव्यवस्था में जोड़ता है, इस प्रकार वह मेजबान देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) को बढ़ाता है। यदि आप्रवासी राष्ट्रीय श्रमिकों की तुलना में अधिक कुशल हैं या यदि आव्रजन का नवाचार और कौशल पर सकारात्मक प्रभाव है तो ऐसे कई तरीके भी हैं जिनसे आप्रवासियों का श्रम उत्पादकता पर सकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। आप्रवासियों द्वारा जोखिम लेने की संभावना अधिक होती है और यही गुण गंतव्य देशों के प्रौद्योगिकी, विज्ञान, कला और अन्य क्षेत्रों में भारी योगदान देता है।

व्यावसायिक क्षेत्रों और श्रमिकों की कमी से जूझ रहे व्यवसायों में श्रम आपूर्ति बढ़ाने के साथ–साथ नौकरी के क्षेत्र में बेमेल की समस्या दूर करने के माध्यम से आव्रजन का सकारात्मक प्रभाव हो सकता है। श्रम बाजार का ये सकारात्मक प्रभाव केवल उच्च कुशल क्षेत्रों में ही नहीं, बल्कि निम्न कुशल व्यवसायों में भी हो सकता है, जो मौजूदा श्रमिकों के लिए अतिरिक्त रोजगार के अवसर पैदा करता है। इसमें कोई शक नहीं है कि आव्रजन घरेलू श्रमिकों के वेतन और रोजगार पर प्रतिकूल प्रभाव भी डाल सकता है, लेकिन अध्ययन से पता चलता है कि इस तरह के नकारात्मक प्रभाव काफी कम होते हैं। युवा श्रमिकों का आव्रजन तेजी से बढ़ती उम्र वाली आबादी और उच्च आय वाले देशों की पेंशन प्रणालियों पर दबाव को कम कर सकता है।

यूरोप में इस बात की चिंता बढ़ रही है कि आव्रजन सभ्यताओं के टकराव को तेज कर रहा है। कई यूरोपीय देशों में इस्लामोफोबिया (इस्लाम व मुसलमानों से डर) आम चिंता का विषय है और जनता का मानना है कि मुस्लिम देशों के सभी आव्रजन को रोक दिया जाना चाहिए। कई यूरोपीय देश आप्रवासियों और मुसलमानों की संख्या को अधिक बताते हैं (आईपीएसओएस एमओआरआई, 2016)। आप्रवासियों के प्रति इन धारणाओं के कारण शरणार्थियों और आश्रय मांगने वालों के प्रति हिंसा, उत्पीड़न, धमकियां और जेनोफोबिक (दूसरे देश के लोगों से डर) प्रवृत्ति बढ़ सकती है, जिससे एकता को प्रोत्साहित करने वाली सरकार के लिए चुनौतियां पैदा हो सकती हैं। एक आशंका यह भी है कि शरणार्थी नागरिक संघर्ष की शुरुआत और विस्तार का एक कारण बन सकते हैं। शरणार्थियों और आप्रवासियों की उपस्थिति का मेजबान समुदायों पर विस्तृत सामाजिक, सांस्कृतिक, पर्यावरणीय और राजनीतिक प्रभाव पड़ता है। ग्रामीण क्षेत्रों में शरणार्थी संसाधनों के लिए प्रतिस्पर्धा पैदा कर सकते हैं और सामाजिक खाई को बढ़ा सकते हैं। शरणार्थी और स्थानीय समुदायों के बीच मतभेद संघर्ष को बढ़ा सकता है और जब धार्मिक रूप से प्रेरित देशीयता शरणार्थी विरोधी बयानबाजी को बढ़ाता है, उससे जातीय–धार्मिक संघर्ष का जन्म होता है।

वैश्विक आव्रजन व्यापक और वैश्विक पैमाने पर है, लेकिन आव्रजन का आंकड़ा–सूची केवल 45 देशों को शामिल करता है। माना जाता है कि अंतर्राष्ट्रीय आव्रजन प्रवाह में आगमन और प्रस्थान दोनों को शामिल किया जाता है, लेकिन राष्ट्र आगमन पर अधिक ध्यान केंद्रित करते हैं। ऑस्ट्रेलिया और संयुक्त राज्य अमेरिका सीमा पार की सभी गतिविधियों की गिनती करते हैं, लेकिन कई देश केवल आए हुए लोगों की गणना करते हैं और जाने वालों की नहीं। कुछ देशों में आव्रजन प्रवाह आंकड़े आव्रजन स्थिति से संबंधित प्रशासनिक कार्यों जैसे कि जारी करने, नवीकरण, निवास अनुमति–पत्र की वापसी से प्राप्त होते हैं। गैर–प्रवासी यात्रा जैसे पर्यटन या व्यवसाय से आव्रजन गतिविधियों को वर्गीकृत करना भी मुश्किल है। आव्रजन गतिविधियों पर नजर रखने के लिए डिजिटली वैश्वीकृत दुनिया में संसाधनों, बुनियादी ढांचे और ज्ञान प्रणालियों की बेहद आवश्यकता होती है, लेकिन विकासशील देशों की गतिशीलता, आव्रजन और अन्य क्षेत्रों पर आंकड़े को एकत्र, प्रबंध व उनका विश्लेषण करने की क्षमता अक्सर सीमित होती है। कई देशों की भौगोलिक स्थिति के कारण आव्रजन प्रवाह पर आंकड़े एकत्रित करने में जबरदस्त चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। विशेष रूप से द्वीपसमूह और अलग–थलग सीमाओं वाले देशों में प्रवेश और सीमा प्रबंधन चुनौतीपूर्ण है और यह समान नागरिक परंपराओं वाले क्षेत्रों द्वारा, जो काम के लिए अनौपचारिक आव्रजन को बढ़ावा देते हैं, अधिक जटिल बना दिया जाता है।

10.4 आव्रजन और शरणार्थी गतिविधियों में वैश्विक रुझान

वर्ष 2017 में दुनिया भर में लगभग 258 मिलियन अंतर्राष्ट्रीय आप्रवासी थे, जो कुल आबादी के 3.4 प्रतिशत के बराबर है (यूएन डीईएसए, 2017)। समय के साथ अंतर्राष्ट्रीय प्रवास में अनुमान से अधिक संख्यात्मक और आनुपातिक वृद्धि हुई है। अतीत में आव्रजन ने सबसे बड़ी अस्थिरता दिखाई है, इसलिए कुछ सटीकता के साथ आव्रजन अनुमान को रखना कठिन है (यूएन डीईएसए, 2003)। युद्ध क्षेत्रों के बाहर हिंसक चरमपंथ सहित नागरिक और अंतर्राष्ट्रीय संघर्षों के कारण शीत युद्ध के बाद का युग भी आंतरिक एवं बाह्य विस्थापित आबादी में जबरदस्त वृद्धि का गवाह रहा है। वर्ष 2016 में दुनिया भर में आंतरिक रूप से 40.3 मिलियन विस्थापित व्यक्ति और 22.5 मिलियन शरणार्थी थे (आईडीएमसी, 2017य यूएनएचआरसी, 2017)। दुनिया की विस्थापित आबादी में और बढ़ोत्तरी करते हुए अगस्त 2017 के अंत से आधा मिलियन से अधिक रोहिंग्या शरणार्थी म्यांमार से बांग्लादेश भाग गए।

सतत विकास के लिए संयुक्त राष्ट्र 2030 के एजेंडा में शामिल किए जाने के बाद वर्ष 2015 से आव्रजन सरकारों और विकास भागीदारों का एक सुरक्षित एजेंडा बन गया है। सितंबर 2016 में देशों ने न्यूयॉर्क घोषणा–पत्र को अपनाया, जो आव्रजन और मजबूर विस्थापितों के विकास पर अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को मजबूत करने और आव्रजन एवं शरणार्थियों पर वैश्विक समझौते को अपनाने लिए कहता है। वर्ष 2018 में प्रकाशित दोनों समझौते स्वरोजगार और उद्यमिता के माध्यम से आप्रवासियों और शरणार्थियों के सामाजिक–आर्थिक एकीकरण की बात करते हैं। आप्रवासी और शरणार्थी दोनों मूल और गंतव्य देशों के विकास में सकारात्मक योगदान दे सकते हैं बशर्ते कि उनके कौशल, क्षमताओं और उद्यमशीलता की भावना को पर्याप्त समर्थन और मान्यता दी जाए।

वर्ष 2017 में विशेष रूप से कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य (डीआरसी) और म्यांमार के साथ–साथ सीरिया संकट जारी रहने के कारण जबरन विस्थापित किए गए लोगों की वैश्विक आबादी बढ़कर 68.5 मिलियन हो गई। सीरियाई संकट वैश्विक स्तर पर सबसे बड़ी आबादी के विस्थापन के लिए जिम्मेदार है। वर्ष 2017 में 12.6 मिलियन विस्थापित सीरियाई थे, जिनमें लगभग 6.3 मिलियन शरणार्थी, 146,700 आश्रय मांगने वाले और 6.2 मिलियन आईडीपी थे। सीरियाई शरणार्थियों ने दुनिया भर के 125 देशों में शरण ली है, जिनमें सबसे अधिक तुर्की (3,424,200) ने अपने यहां लोगों को शरण दी है। वर्ष 2017 के अंत में तुर्की के आव्रजन प्रबंधन निदेशालय के आंकड़ों में कहा गया है कि वर्ष के शुरुआत में 2.9 मिलियन से 21 प्रतिशत वृद्धि के साथ वर्ष के अंत में 3.5 मिलियन शरणार्थियों की संख्या के साथ तुर्की दुनिया का सबसे अधिक शरणार्थियों की मेजबानी करने वाला देश है।

यूएनएचसीआर के जॉर्डन फैक्ट शीट्स में उल्लेख किया गया है कि प्रति 1,000 व्यक्तियों पर 89 शरणार्थियों के साथ जॉर्डन में सबसे अधिक जनसंख्या–शरणार्थी अनुपात है। देश में 2.7 मिलियन से अधिक पंजीकृत शरणार्थी हैं, जिनमें लगभग 2 मिलियन फिलिस्तीनी मूल के लोग हैं जो दशकों से देश में रहते हैं (यूएनएचसीआर, जॉर्डन फैक्ट शीट, 2018)। युगांडा शरणार्थियों को आश्रय देने वाले अफ्रीका के सबसे बड़े देशों में से एक है, जहां लगभग 1.2 मिलियन शरणार्थी और शरण मांगने वाले लोग रहते हैं। वर्ष 2017 में शरणार्थियों की दूसरी सबसे बड़ी आबादी अफगानिस्तान से थी, जिसकी शरणार्थी आबादी 2017 के अंत तक 5 प्रतिशत बढ़कर 2.6 मिलियन हो गई। अफगानिस्तान के अधिकांश शरणार्थी पाकिस्तान में रहते हैं।

विकसित देशों की ओर शरणार्थियों के प्रवाह को भारी मीडिया कवरेज मिलने के बावजूद विकासशील देश दुनिया की शरणार्थी आबादी के 84 प्रतिशत हिस्सा का प्रतिनिधित्व करते हैं। मिश्रित और जटिल आव्रजन प्रवाह के संदर्भ में, जहां शरणार्थी और आप्रवासी दोनों एक ही रास्ते से यात्रा करते हैं, दोनों समूहों के बीच अंतर करना अधिक कठिन है। आप्रवासी आबादी का विविधीकरण, जिस मार्ग को आप्रवासी अपनाते हैं, जिन स्थानों पर वे चलते हैं और प्रवास के पारगमन चरित्र ने न केवल गतिविधियों के नियमन और प्रबंधन के लिए चुनौतियां पैदा की हैं, बल्कि आप्रवासियों के लिए अपने मूल देश, गंतव्य देश और पारगमन के विकास में योगदान का अद्वितीय स्थान भी बनाए हैं।

यूएनएचसीआर का अनुमान है कि वर्ष 2016 के अंत में 18 वर्ष से कम उम्र के लोगों का वैश्विक शरणार्थी की आबादी में लगभग 51 प्रतिशत हिस्सा था। इसी अवधि में महिलाओं का अनुपात 47 से 49 प्रतिशत के बीच अपेक्षाकृत स्थिर रहा। व्यापक वैश्विक गतिशीलता के अनुरूप, 2016 की समाप्ति पर शहरी क्षेत्रों में 60 प्रतिशत शरणार्थियों की आबादी के साथ शरणार्थी शहरी क्षेत्रों में अधिक बसे हैं (यूएनएचसीआर, 2016 और 2017)। वर्ष 2016 में अकेले और अलग हुए बच्चों द्वारा शरण के लिए 70 देशों में अनुमानित 75,000 व्यक्तिगत आवेदन दिए गए (यूएनएचसीआर, 2017)। शरण के लिए दिए गए आवेदनों में समग्र वैश्विक रुझानों के अनुरूप अकेले और अलग हुए बच्चों के कुल आवेदनों के आधे से अधिक सिर्फ जर्मनी को मिले।

अपनी प्रगति की जांच करें अभ्यास 2

नोट : i) उत्तर के लिए नीचे दिए गए खाली जगहों का प्रयोग करें

ii) उत्तर के सुझावों के लिए खंड के अंत में देखें

1. आव्रजन के प्रमुख सकारात्मक और नकारात्मक परिणाम क्या हैं?

.....

.....

.....

.....

.....

10.5 वैश्विक आव्रजन का भूगोल

समय के साथ आव्रजन गलियारे विकसित होते हैं। वे भौगोलिक निकटता, व्यापार एवं आर्थिक कारकों, संघर्ष एवं मानव असुरक्षा, समुदाय एवं जातीय संबंधों के साथ–साथ तस्करी और अवैध व्यापार से आकार लेते हैं। बहुत–से लोग जो सीमा के पार चले जाते हैं, वे अपने आसपास के क्षेत्र में ऐसा करते हैं। इसलिए, लोगों की प्रवृत्ति आसपास के सुरक्षित स्थानों पर विस्थापित होने की होती है, चाहे वह किसी देश के भीतर हो या सीमा के पार। विभिन्न क्षेत्रों में शरणार्थियों की सुरक्षा के लिए एक प्रभावी अंतर्राष्ट्रीय एजेंसी की अनुपस्थिति के बाद शरणार्थियों की सुरक्षा के लिए क्षेत्रीय व्यवस्था का विचार स्वीकार्य हो रहा है। औपनिवेशिक देशों के कुछ सबसे बड़े आव्रजन गलियारे अल्जीरिया, मोरक्को और ट्यूनीशिया जैसे देशों से लेकर फ्रांस, स्पेन और इटली के बीच स्थित हैं, जो कि औपनिवेशिक संबंधों को दर्शाते हैं। खाड़ी देशों, मिस्र से लेकर संयुक्त अरब अमीरात और सऊदी अरब में भी महत्वपूर्ण श्रम आव्रजन गलियारे हैं। अफ्रीका के अधिकांश शरणार्थियों और शरण चाहने वालों को इस क्षेत्र के भीतर पड़ोसी देशों द्वारा शरण दिया जाता है। विस्थापन के मुख्य कारकों में संघर्ष और हिंसा शामिल है, जो कुछ मामलों में खाद्य असुरक्षा को बढ़ा दिया है। मूल और गंतव्य देशों के बीच भारी आय असमानता और उत्तरी अफ्रीका में बेरोजगारी का उच्च स्तर आव्रजन के महत्वपूर्ण कारक हैं (यूएनएचसीआर, 2017)। गरीबी, कम मजदूरी और उच्च बेरोजगारी के कारण पूर्वी अफ्रीका से बाहर श्रम गतिशीलता जारी है (मान्जी, 2017)। इससे जाहिर है कि बड़ी संख्या में पूर्वी अफ्रीका के निम्न और अर्ध–कुशल लोग अस्थायी कार्य अनुबंधों पर जीसीसी देशों में पलायन कर रहे हैं। खाड़ी देशों की पूर्वी अफ्रीका के साथ निकटता, उनके द्वारा उपलब्ध कराए जाने वाले रोजगार के अवसर के साथ–साथ संयुक्त अरब अमीरात व केन्या (मंजी, 2017) और सऊदी अरब व इथियोपिया (जीसीएओ, 2017) जैसे देशों के बीच हाल ही में हुए श्रम समझौते के कारण जीसीसी देशों में श्रम आव्रजन बढ़ने की संभावना है। सामाजिक–आर्थिक कारकों के अलावा संघर्ष और राजनीतिक अस्थिरता पूर्वी अफ्रीका से अनियमित आव्रजन के महत्वपूर्ण कारक हैं।

वर्ष 2015 में यूरोप से यूरोप में आव्रजन दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा क्षेत्रीय आव्रजन गलियारा था। मुक्त आवाजाही व्यवस्था के कारण उच्चस्तरीय आव्रजन संभव हुआ है,

जो नागरिकों को अपने देश की सीमा को बिना किसी जांच के पार करने में सक्षम बनाता है। सीमा–मुक्त शेंगेन क्षेत्र, जिसमें यूरोपीय संघ के 22 सदस्य देश और गैर–यूरोपीय संघ के 4 सदस्य देश शामिल हैं, 400 मिलियन से अधिक नागरिकों को स्वतंत्र आवाजाही को सुनिश्चित करता है। हालांकि, यूरोप में स्वतंत्र आवाजाही को चुनौतियों का सामना करना पड़ता है और वर्ष 2015 की दूसरी छमाही से कई शेंगेन सदस्य देशों ने अस्थायी रूप से सीमा नियंत्रण को फिर से लागू कर दिया है। ''ब्रेक्सिट'' वार्ता से उत्पन्न होने वाली भविष्य की आव्रजन नियम के बारे में यूनाइटेड किंगडम में जून 2016 की यूरोपीय संघ की सदस्यता जनमत संग्रह के बाद अनिश्चितता की संभावना है। इसके अलावा, यूरोप में गैर–यूरोपीय आप्रवासियों की आबादी 2015 में 35 मिलियन से अधिक हो गई, जो ज्यादातर एशिया, अफ्रीका, लैटिन अमेरिका और कैरिबियन देशों से आई थी।

मेक्सिको लैटिन अमेरिकी–कैरिबियन क्षेत्र में पलायन वाला सबसे बड़ा देश है। मेक्सिको के अधिकांश आप्रवासी संयुक्त राज्य अमेरिका में रहते हैं, जो पूरी दुनिया में सबसे बड़ा एक देश से दूसरे देश के लिए आव्रजन गलियारा बना हुआ है। अल सल्वाडोर, ग्वाटेमाला और होंडुरास जैसे कई अन्य मध्य अमेरिकी देशों के आप्रवासियों की आबादी कोलंबिया, इक्वाडोर, ब्राजील और पेरू जैसे दक्षिण अमेरिकी देशों की आबादी की तरह अमेरिका में रहती है। वर्ष 2016 में लैटिन अमेरिका और कैरेबियन क्षेत्र में कोलंबिया लंबे समय से चले आ रहे आंतरिक संघर्ष के कारण शरणार्थियों का सबसे बड़ा उद्‌गम स्थल था। कोलंबिया के शरणार्थियों को पड़ोसी राज्य बोलिविया गणराज्य वेनेजुएला और इक्वाडोर में शरण मिली। हाल के दिनों में प्रचलन उलटा हो गई है और काफी संख्या में आप्रवासी वेनेजुएला से कोलंबिया और अन्य पड़ोसी देशों में चले गए हैं। कैरेबियन क्षेत्र में हैती शरणार्थियों का दूसरा सबसे बड़ा उद्‌गम स्थल है। सबसे प्रमुख अंतर–क्षेत्रीय प्रवासी गलियारों में निकारागुआ, पनामा और अन्य मध्य अमेरिकी देश शामिल हैं, जिनके नागरिक अस्थायी और स्थायी श्रम के लिए कोस्टा रिका जाते हैं, जबकि मध्य अमेरिकी देशों खासकर होंडुरास, ग्वाटेमाला और अल सल्वाडोर के नागरिक अस्थिरता और रोजगार की कमी के कारण बेलीज पलायन कर रहे हैं। कैरेबियन क्षेत्र में सबसे प्रमुख अंतर–क्षेत्रीय प्रवासी गलियारा हैती–डोमिनिक गणराज्य है, जहां हैती के लोग डोमिनिक गणराज्य में पलायन करते हैं। दक्षिण अमेरिका के कुछ सबसे बड़ी आप्रवासी आबादी वाले चिली, अर्जेंटीना और ब्राजील में 2010 और 2015 के बीच आप्रवासी आबादी में 16 से 20 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जो पराग्वे के साथ–साथ एंडीज देशों के श्रमिक आप्रवासियों को आकर्षित करते हैं। बोलिविया गणराज्य वेनेजुएला कोलम्बिया और इक्वाडोर से बड़ी संख्या में आए अंतर–क्षेत्रीय आप्रवासियों का घर था, लेकिन 2019 की शुरुआत में वेनेजुएला के लगभग दो मिलियन नागरिक कोलंबिया, ब्राजील और अन्य पड़ोसी देशों में पलायन कर गए।

वर्ष 2015 में संयुक्त राज्य अमेरिका में दुनिया में सबसे बड़ी विदेशी मूल के लोगों की आबादी थी, जबकि कनाडा उत्तरी अमेरिका में सातवें स्थान पर था। उत्तरी अमेरिकी क्षेत्र के विदेशी मूल की 85 प्रतिशत से अधिक आबादी संयुक्त राज्य अमेरिका में रहती थी, जो उनकी कुल आबादी का 14 प्रतिशत है। संयुक्त राज्य में कई देशों से शरणार्थी आए हैं। हालांकि, सबसे बड़ी शरणार्थी आबादी चीन, हैती, अल साल्वाडोर, ग्वाटेमाला, मिस्र और इथियोपिया की है। कनाडा भी एक बड़ी शरणार्थी आबादी की मेजबानी करता है। इस आबादी का सबसे बड़ा मूल देश कोलंबिया और चीन है।

हाल ही में चीन और भारत अब संयुक्त राज्य अमेरिका में आप्रवासियों के आगमन के मामले में मेक्सिको से भी आगे निकल गए हैं। संयुक्त राज्य अमेरिका के लिए पलायन करने वाले एशियाई लोगों का सबसे बड़ा आव्रजन मार्ग परिवार प्रायोजित वीजा है। वर्ष 2014–2015 में संयुक्त राज्य अमेरिका के उच्च शिक्षण संस्थानों में दाखिला लेने वाले अंतर्राष्ट्रीय छात्रों में 76 प्रतिशत एशियाई छात्र थे। कनाडा में मुख्य रूप से यूरोपीय देशों से प्रवासी आए, लेकिन 2015 तक एशियाई देशों ने इसे पीछे छोड़ दिया और अब भारत कनाडा जाने वाले प्रवासियों का सबसे बड़ा स्रोत देश है।

ओशिनिया के अधिकांश प्रवासी या तो ऑस्ट्रेलिया में रहते हैं या न्यूजीलैंड में। टोंगा, समोआ और फिजी का अपनी मूल आबादी की तुलना विदेश जाने वाले प्रवासियों की संख्या अधिक है और विदेश में जन्मी आबादी की तुलना में बहुत कम। ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में विदेशी मूल की आबादी बहुत अधिक है, जिनका प्रतिशत क्रमशः 28 और 23 है। ऑस्ट्रेलिया इस क्षेत्र में सबसे बड़ा मेजबान देश है, उसके बाद पापुआ न्यू गिनी और न्यूजीलैंड हैं। इन देशों में अधिकांश शरणार्थी एशिया से आए हैं, जैसे पापुआ न्यू गिनी में इंडोनेशियाई और ऑस्ट्रेलिया में अफगान और ईरानी। यूनाइटेड किंगडम लगातार दशकों से न्यूजीलैंड में आप्रवासियों का मुख्य स्रोत देश रहा है। विशेष रूप से चीन और भारत से भारी संख्या में आए एशियाई आप्रवासियों के साथ–साथ फिजी, समोआ और टैंगो सहित प्रशांत द्वीपसमूह से आए आप्रवासियों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि के बावजूद यूनाइटेड किंगडम लगातार दशकों से न्यूजीलैंड आने वाले आप्रवासियों का मूल देश बना हुआ है। ऑस्ट्रेलिया का शरणार्थी पुनर्वास कार्यक्रम दुनिया में तीसरा सबसे बड़ा है और म्यांमार तथा अफगानिस्तान से आकर मलेशिया और इंडोनेशिया में रह रहे शरणार्थियों का पुनर्वास करता है। न्यूजीलैंड एक ऐसा शरणार्थी पुनर्वास देश है जिसने वर्ष 2015–2016 में 750 सीरियाई शरणार्थियों के पुनर्वास की घोषणा की थी।

एशिया में भारत और चीन ऐसे देश हैं जिनकी विदेशों में रहने वाले आप्रवासियों की संख्या बहुत बड़ी है, लेकिन भारत और चीन की कुल आबादी का बहुत छोटा हिस्सा हैं। भारत, मेक्सिको और रूसी संघ के बाद दुनिया की चौथी सबसे बड़ी विदेशी मूल वाली आप्रवासियों की आबादी चीन से है। संयुक्त राज्य में दो मिलियन से अधिक चीनी मूल के आप्रवासी रहते हैं, जो कि भारत, फिलीपींस और वियतनाम जैसे अन्य बड़े एशियाई प्रवासी समूहों का भी घर है। विदेशों में रहने वाले आप्रवासियों की बड़ी संख्या वाले देशों में बांग्लादेश और पाकिस्तान सहित अन्य देश भी शामिल हैं, जिनके अधिकांश नागरिक जीसीसी देशों में हैं। वर्ष 2016 के अंत तक सीरिया और अफगानिस्तान के शरणार्थियों की संख्या दुनिया के एक तिहाई से अधिक शरणार्थियों के बराबर थी।

उत्तर एशिया में जापान जैसे देश पहले से ही नकारात्मक जनसंख्या वृद्धि के दौर से गुजर रहे हैं, जबकि कोरिया गणराज्य में जन्म दर सबसे कम है और वह ओईसीडी देशों में सबसे तेजी से बुजुर्ग होती आबादी वाला देश है (मून, 2015)। इसलिए दोनों देश अस्थायी विदेशी श्रम आव्रजन को बढ़ावा दे रहे हैं, जबकि चीन में शहरीकरण ने इतिहास में सबसे बड़े मानव पलायन की शुरुआत की। पश्चिमी और पूर्वी चीन के बीच सामाजिक–आर्थिक गतिशीलता महत्वपूर्ण एक कारक है। पश्चिमी चीन में उच्च जनसंख्या वृद्धि दर, श्रमिकों की अधिकता और कम आय है, जबकि पूर्वी चीन में उच्च

आय और शिक्षा का स्तर है, लेकिन महानगरीय क्षेत्र श्रमिकों की कमी से जुझ रहा है (ह्यूगो, 2015)।

हालांकि, भारत और पाकिस्तान शुरू में जीसीसी देशों को श्रम शक्ति उपलब्ध कराने वाले प्रमुख देश थे, लेकिन श्रीलंका, नेपाल और बांग्लादेश से आने वाले श्रमिकों के कारण आप्रवासी श्रमिकों की आबादी में विविधता आ गई है (ओमन, 2015)। भारत में लाखों बांग्लादेशी और नेपाली आप्रवासी श्रमिक निर्माण मजदूर और घरेलू कामगार जैसे अनौपचारिक क्षेत्रों में काम कर रहे हैं (श्रीवास्तव और पांडे, 2017)। दक्षिण एशिया के देशों में आंतरिक प्रवासन अंतर्राष्ट्रीय प्रवास की तुलना में विशाल और व्यापक है, खासकर ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में अस्थायी और मौसमी प्रवास के कारण (श्रीवास्तव और पांडे, 2017)। बांग्लादेश में मई 2017 में चक्रवात मोरा जैसी आपदाओं ने हजारों लोगों को विस्थापित किया (सोलोमन, 2017)। नेपाल में 2015 में गोरखा और उदयपुर भूकंप जैसी आपदाओं के कारण बड़े पैमाने पर आंतरिक विस्थापन हुआ (आईओएम, 2016), जबकि मई 2017 में श्रीलंका में आई भयंकर बाढ़ के कारण लगभग आधा मिलियन लोगों के विस्थापित होने का अनुमान लगाया गया था (आईओएम, 2017)।

दक्षिण–पूर्व एशिया में विदेशी मूल के जनसंख्या आंकड़े पर आधारित सबसे बड़ा अंतर–क्षेत्रीय प्रवास गलियारा म्यांमार से थाईलैंड तक है और दोनों को संघर्ष व हिंसा के कारण विस्थापन से लेकर आय सृजन, परिवार के पुनर्मिलन और अन्य कारणों से पलायन के लिए जोड़ते हैं। जीसीसी देशों में श्रम प्रवास में वृद्धि ने गंतव्य देशों में जबरदस्त जनसांख्यिकीय परिवर्तन किया है। ओमान और सऊदी अरब को छोड़कर आज आप्रवासी जीसीसी देशों में वहां की आबादी का एक बड़ा हिस्सा बन गए हैं, जैसे कि संयुक्त अरब अमीरात में 88 प्रतिशत, कतर में 76 प्रतिशत और कुवैत में 74 प्रतिशत आप्रवासी हैं (यूएन डीईएसए, 2015)। मूल और गंतव्य देशों के बीच आय का अंतर प्रवासन का एक प्रमुख कारक है। खाड़ी देश श्रम आप्रवासियों को उच्च मजदूरी और अधिक–से–अधिक रोजगार के अवसर प्रदान करते हैं (जैकबसेन और वैलेंटा, 2016)।

सीरिया की सीमा से लगे देश सीरियाई शरणार्थियों के प्रमुख मेजबान हैं और वर्ष 2016 में तुर्की, लेबनान और जॉर्डन दुनिया के शीर्ष 10 शरण देने वाले देशों में शामिल थे (यूएनएचसीआर, 2017)। वर्ष 2015 में मध्य एशिया में जन्मे सिर्फ 5 मिलियन आप्रवासी थे जो रूसी संघ में रह रहे थे (यूएन डीईएसए, 2015)। मध्य एशिया के लोग यूरोप और चीन भी जाते हैं, जहां काम और पारिवारिक संबंध अपेक्षाकृत मजबूत हैं। उदाहरण के लिए, 2015 में जर्मनी केवल 1 मिलियन से अधिक कजाकिस्तान से आए आप्रवासियों का घर था, जो रूसी संघ के बाद दूसरे स्थान पर है, जहां 2.56 मिलियन कजाक मूल के लोग रहते थे (यूएन डीईएसए, 2015)। कजाकिस्तान अब मुख्य रूप से पारगमन और आव्रजन का देश बन है, जो विभिन्न देशों के कुशल श्रमिकों को तेजी से आकर्षित कर रहा है और किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान के प्रवासी श्रमिकों का गंतव्य स्थान बनता जा रहा है।

अपनी प्रगति की जांच करें अभ्यास 3

नोट : i) उत्तर के लिए नीचे दिए गए खाली जगहों का प्रयोग करें

ii) उत्तर के सुझावों के लिए खंड के अंत में देखें

1. दुनिया भर के विभिन्न क्षेत्रों में आव्रजन और शरणार्थियों के अनुभव के बारे में बताएं।

.....

.....

.....

.....

.....

10.6 शरणार्थियों का पुनर्वास और वापसी

यूएनएचसीआर के प्रमुख आदेशों में से एक शरणार्थियों के लिए स्थायी समाधान की तलाश करना है। इस संदर्भ में यूएनएचआरसी द्वारा स्वैच्छिक प्रत्यावर्तन, स्थानीय एकीकरण और पुनर्वास पारंपरिक समाधान बताया गया है। पुनर्वास एकजुटता और साझा जिम्मेदारी प्राप्त करने का एक ठोस तरीका है। यूएनएचसीआर के पुनर्वास कार्यक्रमों का एक हिस्सा बनने वाले देशों की संख्या 2015 में 33 से बढ़कर 2016 में 33 हो गई। यूरोप और लैटिन अमेरिका के देशों ने नए पुनर्वास कार्यक्रमों की स्थापना की या नई पुनर्स्थापना प्रतिबद्धताओं को स्थापित किया। ऑस्ट्रेलिया, कनाडा और संयुक्त राज्य अमेरिका जैसे पारंपरिक पुनर्वास देशों ने दुनिया के अधिकांश शरणार्थी पुनर्वास को जारी रखा। वर्ष 2016 में लगभग 190,000 शरणार्थियों का पुनर्वास किया गया और इसके प्रमुख लाभार्थी सीरिया, इराक, कांगो और सोमालिया के शरणार्थी थे।

स्थानीय एकीकरण में आश्रय देने वाले देश में एक स्थायी घर का मिलना और स्थानीय समुदायों के साथ मेलजोल बढ़ाना शामिल है। समय के साथ इस प्रक्रिया में शरण वाले देश में स्थायी निवास अधिकार और नागरिकता देना शामिल होना चाहिए। शरणार्थियों को एकीकृत करने का उद्देश्य स्थायी आजीविका पाने और मेजबान देश के आर्थिक जीवन में योगदान और भेदभाव या शोषण के बिना मेजबान आबादी के बीच रहना है। शरणार्थियों को देशीकरण के माध्यम से नागरिकता देना स्थानीय एकीकरण का मार्ग है।

वर्ष 2016 में 550,000 से अधिक शरणार्थी अपने मूल देशों में लौट गए। लंबे समय तक चले और नए संघर्षों के कारण बहुत ही कम स्वैच्छिक प्रत्यावर्तन हुआ। लौटने वालों में अधिकांश (384,000) अफगानिस्तान और मुख्य रूप से पाकिस्तान के नागरिक थे। मूल देश में वापसी अक्सर कई शरणार्थियों के लिए पसंदीदा समाधान है, हालांकि प्रत्यावर्तन एक स्वतंत्र और सूचित निर्णय के आधार पर पुनर्स्थापना प्रक्रिया के लिए मूल देश की पूर्ण प्रतिबद्धता से होना चाहिए ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि लौटने वाले लोग सुरक्षित रूप से अपने जीवन का निर्माण करने में सक्षम हो सकें। दुर्भाग्य से, जिन संदर्भों में 2017 में इस तरह की वापसी हुई, वे अक्सर जटिल थे, जिनमें कई शरणार्थी प्रतिकूल परिस्थितियों में वापस आ गए थे और उनका उचित पुनरूएकीकरण

सुनिश्चित नहीं किया जा सकता था। कुछ मामलों में तथाकथित स्वाभाविक वापसी दबाव में हुआ, जिसमें स्वैच्छिक, सुरक्षित और सम्मानजनक वापसी के रास्ते नहीं मिले। यूएनएचसीर कार्यालयों द्वारा दिए गए रिपोर्ट और प्रस्थान व आगमन के आंकड़ों को मिलाने के बाद पता चलता है कि वर्ष 2017 में शरणार्थियों को आश्रय देने वाले 94 देशों से लौटकर अपने 43 मूल देशों में वापस लौटना पड़ा। यहां ध्यान दिया जाना चाहिए कि मूल देशों ने केवल शरणार्थियों के लौटने की बात कही है और इसमें उन लोगों को वर्गीकृत नहीं किया गया था जो स्वैच्छिक प्रत्यावर्तन या स्वाभाविक रूप से लौटे थे या ऐसी परिस्थितियों में लौटे जिन्हें स्थायी समाधान के लिए अनुकूल नहीं माना गया था।

शरणार्थियों की सुरक्षा की जिम्मेदारी व्यक्तिगत तौर पर संप्रभु राज्यों की होती है। राज्य अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों और समझौतों के साथ–साथ अपने राष्ट्रीय कानून, राजनीतिक और नैतिक प्रतिबद्धता या प्रथागत अंतर्राष्ट्रीय कानून के आधार पर शरणार्थियों की रक्षा की जिम्मेदारी लेते हैं। सभी राज्य प्रथागत अंतर्राष्ट्रीय कानून के तहत शरणार्थियों के मौलिक मानवाधिकारों की रक्षा करते हैं। शरणार्थी से संबंधित पारंपरिक कानून मानवाधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा (1948) के अनुच्छेद 14 से लिया गया है, जिसमें कहा गया है, ''हर किसी को उत्पीड़न से शरण लेने और अन्य देशों में जीवन बिताने अधिकार है।''

सितंबर 2016 में शरणार्थियों और आप्रवासियों के लिए संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा अपनाया गया न्यूयॉर्क घोषणा–पत्र कहता है कि सभी सदस्य राज्य ''राज्यों के मौजूदा योगदान और विभिन्न क्षमताओं और संसाधनों का ध्यान रखते हुए दुनिया के शरणार्थियों के बोझ की समान साझेदारी और उनकी मेजबानी और समर्थन के लिए प्रतिबद्ध हैं।'' जिन देशों में शरणार्थियों की बड़ी आबादी है उन पर दबाव बनाने वाले महासभा कंप्रिहेंसिव रिफ्यूजी रिस्पॉन्स फ्रेमवर्क (सीआरआरएफ) के माध्यम से शरणार्थियों की आत्मनिर्भरता, तीसरे देश में पहुंच और अपने मूल देश में सुरक्षा और आत्म–सम्मान के साथ वापसी के लिए सहायता सुनिश्चित की जाती है।

शरणार्थियों के मानवाधिकारों से संबंधित विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन और संधियां हैं: मानवाधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा, शरणार्थियों की स्थिति पर 1951 का सम्मेलन और 1967 का प्रोटोकॉल, नागरिक और राजनीतिक अधिकारों पर अंतर्राष्ट्रीय करार – 1966, आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक अधिकारों पर अंतर्राष्ट्रीय करार – 1966 और अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) का प्रवासी श्रमिक सम्मेलन 1949 और 1975।

इन क्षेत्रीय व्यवस्था के तहत शरणार्थियों को मानवाधिकार प्रदान किया जाता है: अफ्रीकी एकता संगठन (आईएयू), अमेरिकी राज्यों का संगठन (ओएएस), यूरोपीय परिषद (सीओई) और बैंकॉक सिद्धांत, 1966।

शरणार्थियों के मानवाधिकारों के लिए काम करने वाले अंतर्राष्ट्रीय संगठन हैं: संयुक्त राष्ट्र आर्थिक और सामाजिक मामलों का विभाग (यूएन, डीईएसए), आर्थिक सहयोग और विकास संगठन (ओईसीडी), अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ), विश्व बैंक, शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र के उच्चायुक्त (यूएनएचसीआर), आंतरिक विस्थापन निगरानी केंद्र (आईडीएमसी), ड्रग्स और क्राइम पर संयुक्त राष्ट्र कार्यालय (यूएनओडीसी) और आव्रजन के लिए अंतर्राष्ट्रीय संगठन (आईओएम)।

अपनी प्रगति की जांच करें अभ्यास 4

नोट : i) उत्तर के लिए नीचे दिए गए खाली जगहों का प्रयोग करें

ii) उत्तर के सुझावों के लिए खंड के अंत में देखें

1. विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों, संधियों और संगठनों के बारे में बताएं जो शरणार्थियों के मानवाधिकारों से संबंधित हैं।

.....

.....

.....

.....

.....

10.7 शरणार्थी समस्या पर भारत की धारणा और प्रतिक्रिया

यह सर्वविदित है कि शरणार्थी सम्मेलन 1951 और 1967 के उसके प्रोटोकॉल के हस्ताक्षरकर्ता नहीं होने के कारण भारत यूएनएचसीआर को मान्यता नहीं देता है और यहां शरणार्थियों के संरक्षण देने वाले घरेलू कानून या प्रावधान भी नहीं हैं, इसके बावजूद भारत दक्षिण एशिया में सबसे बड़ी शरणार्थी आबादी को आश्रय देता है। अगर स्थानीय कानूनों के साथ हितों का संघर्ष नहीं हो तो 1951 के रिफ्यूजी कन्वेंशन और इसके प्रोटोकॉल के प्रावधानों को माना जा सकता है। हालांकि, भारत ने अन्य अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं को माना है जिनके प्रावधान शरणार्थियों के अधिकारों के लिए प्रासंगिक हैं, इसलिए भारत अन्य देशों के प्रमाणिक शरणार्थियों को शरण देने से इनकार नहीं कर सकता है। दक्षिण एशिया में शरणार्थियों के संबंध में कोई बाध्यकारी क्षेत्रीय समझौता नहीं है, लेकिन भारत में शरणार्थियों को शरण देने का एक लंबा इतिहास है। शरणार्थियों को भारत में सिर्फ एक विदेशी के रूप में देखा जाता है। भारत में शरणार्थी संरक्षण के लिए कोई कानूनी ढांचा नहीं, लेकिन वर्षों से यहां की प्रशासनिक नीतियां शरणार्थियों से संबंधित अंतर्राष्ट्रीय कानूनी मानदंडों के अनुरूप हैं।

19वीं शताब्दी में भारत की औपनिवेशिक सरकार ने विदेशियों को प्रतिबंधित करने, हिरासत में लेने और निष्कासित करने वाला पहला कानून विदेशी अधिनियम (फॉरेनर्स ऐक्ट), 1864 बनाया था। जब दूसरा विश्व युद्ध छिड़ गया तो औपनिवेशिक सरकार ने पाया कि 1864 का कानून आवश्यक पूर्ण शक्तियों के लिए बहुत उदार है, इसलिए इसे विदेशी अधिनियम, 1940 द्वारा बदल दिया गया। युद्ध समाप्त होने के बाद और इस दौरान हुए बड़े पैमाने पर विस्थापन के बीच 1940 के युद्धकालीन कानून को विदेशी अधिनियम, 1946 के रूप में समेकित किया गया। 1947 में विभाजन के दौरान भारत ने 10 मिलियन शरणार्थियों को शरण दिया, जो कि इतिहास की सबसे बड़ी शरणार्थी गतिविधि थी। वर्ष 1959 में बड़ी संख्या में तिब्बती शरणार्थी भारत आए, उसके बाद 1971 में तत्कालीन पूर्वी पाकिस्तान से 10 मिलियन से अधिक शरणार्थी भारत पहुंचे। शरणार्थियों की अगली बड़ी संख्या 1983 में श्रीलंका से और 1986 में अफगानिस्तान से आई थी।

वर्ष 1971 के शरणार्थियों को बांग्लादेश में हिंसा समाप्त होने के बाद स्वेच्छा से प्रत्यावर्तित किया गया, जिससे संकट समाप्त हो गया। दूसरी ओर, भारत में 1959 में शुरू होकर अभी तक जारी तिब्बती शरणार्थी समस्या को अब भी एक स्थायी समाधान की तलाश है। भारत में श्रीलंकाई तमिल शरणार्थियों पर निगरानी की गई, जिसके कारण प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या कर दी गई। कभी चटगांव के पहाड़ी इलाकों में, जिसका अधिकांश हिस्सा बांग्लादेश में स्थित है, रहने वाले चकमा और हेजोंग शरणार्थी भारत के उत्तर–पूर्व और पश्चिम बंगाल में पांच दशकों से अधिक समय तक शरणार्थी के रूप में रह रहे हैं। 2011 की जनगणना के अनुसार, 47,471 चकमा सिर्फ अरुणाचल प्रदेश में रहते हैं। वर्ष 2015 में भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने केंद्र सरकार को चकमा और हेजोंग शरणार्थियों को नागरिकता देने का निर्देश दिया था। सितंबर 2017 में भारत सरकार ने अरुणाचल प्रदेश, जहां ये शरणार्थी रह रहे हैं, के कई समुदायों के विरोध के बावजूद इन समूहों को नागरिकता देने का निर्णय लिया।

भारत में ईरान, म्यांमार और सूडान के भी शरणार्थी हैं, जिनकी संख्या बेहद कम है। भारत सरकार ने तिब्बती, श्रीलंकाई और बांग्लादेश से आए चकमा जनजातियों को अपना समर्थन दिया है, जबकि अफगान, बर्मी, सूडानी एवं अन्य दूसरे विदेशी समूह भारत में यूएनएचसीआर के नियमों के तहत रह रहे हैं। भारत में शरणार्थियों के आंकड़े विभिन्न कारणों से अधूरे हैं। पहला, इसमें उस बड़ी शरणार्थी आबादी के आंकड़े शामिल नहीं हैं, जिसे भारत ने अतीत में शरण दिया है। दूसरा, भारत में बड़ी संख्या में गैर–मान्यता प्राप्त शरणार्थी हैं, जिनके आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं। इनमें नेपाल और भूटान के साथ–साथ शरण मांगने वालों की बड़ी आबादी शामिल है जिन्हें यूएनएचसीआर के शरणार्थी स्थिति निर्धारण तंत्र में संरचनात्मक विफलताओं के कारण अस्वीकार कर दिया गया था।

भारत में शरणार्थियों के साथ विदेशी कानून के तहत व्यवहार होता है। भारत में विदेशी अधिनियम 1946 (धारा 3, 3ए, 7, 14) के अलावा विदेशी पंजीकरण अधिनियम 1939 (धारा 3, 6), पासपोर्ट (भारत में प्रवेश) अधिनियम 1920, पासपोर्ट अधिनियम 1967, प्रत्यर्पण अधिनियम 1962 और मानवाधिकार संरक्षण अधिनियम 1993 के तहत शरणार्थियों पर कानून लागू होते हैं। भारतीय संसद के साथ नागरिकता, प्राकृतिककरण और विदेशी के मुद्दे भारतीय संसद के क्षेत्राधिकार में हैं। हालांकि, शरणार्थियों के प्रवाह को कानून के प्रशासनिक निर्णयों द्वारा नियंत्रित की जाती है। यह प्रशासनिक विवेक 1946 के विदेशी अधिनियम के ढांचे के भीतर प्रयोग किया जाता है और देश में शरणार्थी नीति दरअसल विदेशी अधिनियम की धारा 3 के तहत पारित प्रशासनिक आदेशों की श्रृंखला से विकसित हुई है।

विदेशी अधिनियम उन लोगों के साथ सहयोग करने में विफल रहा है, जो कानून के तहत भारत आते हैं। चाहे पर्यटक हों, यात्री हों, प्रवासी श्रमिक हों, भगोड़े हों, शरणार्थी हों या आप्रवासी हों, इन सभी के साथ एक ही कानून के तहत समान व्यवहार किया जाता है। विदेशी अधिनियम विदेशियों को अपनी पहचान साबित करने, खुद को पुलिस स्टेशनों में पेश होने के लिए कहता है, उनकी आवाजाही, गतिविधियों और निवासों को नियंत्रित करता है, उन्हें आंतरिक शिविरों में सीमित करता है और भारत छोड़ने के लिए मजबूर करता है। कानून की निर्वासन शक्ति न्यूनतम न्यायिक समीक्षा के बिना भी सरकार को निर्वासन पूरा करने का अधिकार देती है। निर्वासन की इस

शक्ति के तहत एक मध्य–स्तर का पुलिस अधिकारी एक विदेशी को भारत छोड़ने का आदेश दे सकता है।

भारत में शरणार्थी समस्या कई संस्थानों द्वारा निपटा जाता है। गृह मंत्रालय आमतौर पर शरणार्थियों के पुनर्वास और समाधान का काम देखता है और विदेश मंत्रालय अन्य देशों के साथ द्विपक्षीय वार्ता के लिए जिम्मेदार है। राज्य सरकारों को स्थानीय स्तर पर शरणार्थी शिविरों के संरक्षण और रखरखाव का काम सौंपा गया है। भारत में शरणार्थी सुरक्षा से संबंधित कानून का अभाव शरणार्थियों की स्थिति को कुछ हद तक सत्ता में रहने वाली सरकार की सहिष्णुता और सद्भावना के आधार पर अनिश्चित बना देती है। इसलिए अधिकारों और विशेषाधिकारों के मामले में शरणार्थियों के साथ विभिन्न प्रकार के व्यवहार किए जाते हैं और घरेलू कानून एवं नियमों के तहत उनका कानूनी दर्जा भी अलग होता है। हालांकि यूएनएचसीआर शरणार्थी प्रमाण–पत्र को कानूनी रूप से सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त है, लेकिन व्यवहार में केंद्रीय गृह मंत्रालय, क्षेत्रीय विदेशी पंजीकरण कार्यालय और स्थानीय पुलिस अधिकारी शरणार्थियों का संज्ञान लेते हैं और यूएनएचसीआर द्वारा मान्यता प्राप्त शरणार्थियों के रहने की अवधि को बढ़ा दिया जाता है।

भारत में शरण चाहने वालों के प्रति न्यायालय उदार है, लेकिन राष्ट्रीय कानून के अभाव में न्यायालय को अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार प्रावधानों और शरणार्थी कानून से संबंधित नियमों को लागू करने के लिए बाध्य होना पड़ता है। हालांकि, सर्वोच्च न्यायालय केंद्र सरकार के ''निष्कासित करने के असीमित अधिकार'' का संज्ञान लेता है और उसने संविधान के अनुच्छेद 21 की व्याख्या के आधार पर, जो कहता है कि 'नागरिक' के बजाय एक विदेशी सहित ''व्यक्ति'' की जीवन और स्वतंत्रता की सुरक्षा सुनिश्चित है, क्षेत्रीय प्राधिकरण को स्थानीय निवासियों द्वारा शरणार्थी समुदायों के उत्पीड़न को रोकने का आदेश दिया है। जीवन और स्वतंत्रता के न्यूनतम अधिकार, जो विदेशी अधिनियम के तहत हिरासत और निर्वासन से रक्षा नहीं करता है, के अलावा शरणार्थियों के बीच भेदभाव का अधिकार नहीं है।

10.7.1 शरणार्थियों पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों को लेकर भारत का दृष्टिकोण

144 देशों ने शरणार्थी सम्मेलन पर हस्ताक्षर किए हैं लेकिन भारत इसका हिस्सा नहीं है। यह एक देश के लिए अजीब विसंगति है जिसने सम्मेलन के दौरान लाखों शरणार्थियों को शरण दे रखा था। हालांकि भारत द्वारा समझौते पर हस्ताक्षर करने से इनकार करने का कभी स्पष्ट रूप से उल्लेख नहीं किया गया है। भैरव आचार्य (2016) ने आधिकारिक दस्तावेजों के आधार पर इसके चार अनुमान लगाए हैं। सबसे पहले, मूल शरणार्थी सम्मेलन के यूरोप केंद्रित होने से दिल्ली परेशान था, जिसने भारत के विभाजन के दौरान ''मानव इतिहास के सबसे बड़े सामूहिक प्रवासन'' को अनदेखा किया था। दूसरा, शरणार्थी सम्मेलन द्वारा एक शरणार्थी को एक समूह या समुदाय के बजाय केवल एक व्यक्ति के रूप में देखना भारत की अनूठी राष्ट्रीय कल्पना और नागरिकता के अवधारणा का विरोधाभासी है। इसलिए शरणार्थी व्यक्तिवाद का सैद्धांतिक रूप से जनप्रवाह से टकराव है, क्योंकि जनप्रवाह में एक व्यक्ति व्यक्तिगत उत्पीड़न और वापसी के लिए असहाय स्थिति को साबित करने में असमर्थ होता है। जनप्रवाह को लेकर शरणार्थी सम्मेलन की चुप्पी निरंतर विफलता का कारण

बनती है। तीसरा, शरणार्थी सम्मेलन मिश्रित प्रवास से, जो परिभाषित नहीं है लेकिन इसकी विशेषताओं पर व्यापक सहमति है, निपटने में विफल रहता है। भारत लंबे समय से मिश्रित आप्रवास का सामना कर रहा है, विशेष रूप से अपनी पूर्वी भूमि और समुद्री सीमाओं पर। यूएनएचसीआर की पहली आधिकारिक प्रतिक्रिया ''10–बिंदू कार्य योजना'' 2006 में प्रकाशित हुई थी, जिस पर विशेष ध्यान देने के लिए दुनिया भर के पांच क्षेत्रों की पहचान की गई थी। मिश्रित आप्रवास से परिचित होने के बावजूद दक्षिण एशिया उन क्षेत्रों में शामिल नहीं था। दिल्ली चाहती है कि शरणार्थी सम्मेलन में मजबूत 'बोझ के बंटवारे' का प्रावधान शामिल किया जाए। 1971 में अपर्याप्त विदेशी सहायता के बावजूद लगभग 10 मिलियन शरणार्थियों को आश्रय देने के अपने अनुभव के आधार पर भारत यह तर्क देता है।

10.7.2 भारत में शरणार्थियों की स्थिति

श्रीलंकाई तमिल शरणार्थियों को तमिलनाडु के 243 शिविरों में रखा गया है, जिनका स्वागत जनसांख्यिकीय रूप से निकट मेजबान द्वारा रिश्ते के आधार पर किया गया। उग्रवादी शरणार्थी समूह भारतीय भूमि पर श्रीलंकाई संघर्ष को लेकर आए, जिसका समापन पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या के रूप में हुई थी। तमिल शरणार्थी मुद्दों ने मेजबान समुदाय पर गहरा असर डाला है, यहां तक कि तमिलनाडु की राजनीति और श्रीलंका के साथ द्विपक्षीय संबंधों को प्रभावित किया है। तिब्बती शरणार्थियों के साथ ऐसा कभी नहीं हुआ था, जो चीन की हिंसा से बचने के लिए सीमा पार आए। हालांकि, तिब्बतियों की जनसांख्यिकीय असहमति अक्सर स्थानीय लोगों के साथ संघर्ष का कारण बनती है।

तिब्बती शरणार्थियों को गैर–वापसी के सिद्धांत के तहत भारत सरकार द्वारा शरण दी गई थी। कार्यकारी निर्णय के तहत सभी तिब्बती शरणार्थियों को ''तिब्बती राष्ट्रीयता'' के ''शरणार्थी'' के रूप में ''भारतीय पंजीकरण प्रमाण–पत्र'' जारी किया गया था। एक बार जब भारत ने स्वीकार कर लिया कि तिब्बत चीन का हिस्सा है तो भारत ने क्रमशः एक महीने और एक वर्ष के लिए तीर्थ–यात्रा या शिक्षा या अन्य के पंजीकरण के उद्देश्य से विशेष प्रवेश परमिट (एसईपी) जारी करना शुरू किया। बहुत सारे तिब्बती शरणार्थी लंबे समय तक विशेष प्रवेश परमिट (एसईपी) लेते हैं और फिर पंजीकरण प्रमाण–पत्र के लिए आवेदन करते हैं। ''पहचान प्रमाण–पत्र जारी करने के लिए आवेदन'' के पूरा होने और संबंधित राज्य सरकारों से ''भारत लौटने पर कोई आपत्ति नहीं (एनओआरआई)'' प्रमाण–पत्र प्राप्त करने के बाद भारत सरकार द्वारा ''पहचान प्रमाण–पत्र'' नाम से एक यात्रा दस्तावेज जारी किया जाता है। एनओआरई का हर दो साल में नवीकरण होता है जबकि पहचान प्रमाण–पत्र को हर छह साल पर नवीकरण कराना पड़ता है।

आज भी उत्तर–पूर्व भारत में चुनावों में वोट प्राप्त करने के लिए राजनीतिक दलों द्वारा अवैध बांग्लादेशी आप्रवासियों के मुद्दे का इस्तेमाल किया जाता है। स्थानीय समुदायों और आदिवासी समूहों का आरोप है कि बांग्लादेश से आए शरणार्थियों और अवैध आप्रवासियों के निरंतर प्रवाह के कारण उस क्षेत्र की सामाजिक जनसांख्यिकी में बदलाव आया है, जिससे स्थानीय लोगों को अपनी ही जमीन पर अल्पसंख्यक बनना पड़ा है। असम में नागरिकों के लिए भारतीय राष्ट्रीय पंजीकरण (एनआरसी) ऐसी ही राजनीति का परिणाम है। खुली सीमा समझौते और एक दशक तक चले गृह युद्ध के

कारण नेपाल से ऐतिहासिक आव्रजन हुआ है। मिश्रित प्रवाह में आए नेपालियों ने भारत में शरण, अस्थायी आश्रय और रोजगार की मांग की। इस क्षेत्र में अनियमित प्रवास करने वाले लोगों की सही संख्या ज्ञात नहीं है, क्योंकि अपेक्षाकृत आंशिक खुली सीमाओं के कारण भारत में बड़ी अनियमित प्रवासी आबादी होने का अनुमान है (श्रीवास्तव और पांडे, 2017)। भारत बांग्लादेश, नेपाल और कुछ हद तक श्रीलंका के अनियमित आप्रवासियों की एक बड़ी आबादी का घर है।

पिछले दिनों रोहिंग्या मुस्लिम शरणार्थियों की स्थिति ने अंतर्राष्ट्रीय मीडिया का ध्यान आकर्षित किया। 40,000 से अधिक रोहिंग्या मुसलमान भारत में शरण लेने के लिए म्यांमार से भाग गए और शरणार्थियों के ''उत्पीड़न, मनमानी गिरफ्तारी, हिरासत और निर्वासन'' से बचाने के लिए यूएनएचसीआर ने भारत में लगभग 16,500 रोहिंग्या को पहचान पत्र जारी किए हैं। हालांकि, भारत ने उन्हें अवैध आप्रवासी और सुरक्षा के लिए खतरे के रूप में वर्गीकृत किया है और म्यांमार से उन्हें वापस बुलाने की अपील की है। विडंबना यह है कि म्यांमार के लोग रोहिंग्याओं को अपना नागरिक नहीं मानते हैं और उन्हें ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन के दौरान बांग्लादेश से आए आप्रवासी मानते हैं। वहीं, बांग्लादेश रोहिंग्याओं का पसंदीदा स्थल है और वे खुद को बर्मी राज्य के मूल निवासी मानते हैं और म्यांमार से सुरक्षा की उम्मीद करते हैं।

अपनी प्रगति की जांच करें अभ्यास 5

नोट : i) उत्तर के लिए नीचे दिए गए खाली जगहों का प्रयोग करें

ii) उत्तर के सुझावों के लिए खंड के अंत में देखें

1. भारत में शरणार्थियों के साथ कानूनी रूप से कैसा व्यवहार होता है?

.....

.....

.....

.....

.....

2. भारत शरणार्थियों पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों का हस्ताक्षरकर्ता क्यों नहीं है?

.....

.....

.....

.....

.....

10.8 सारांश

आव्रजन और हाल के दिनों में हुईं इसकी विभिन्न अभिव्यक्तियां चिंता की कारण बन गई हैं, क्योंकि भूगोल और जनसांख्यिकी लोक नीति से जुड़े होने के कारण अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर यह एक जटिल और राजनीतिक प्रक्रिया बनती जा रही है।

हालांकि, बहुत लोग शरणार्थी और आव्रजन के बारे में एक अलग तरीके से भ्रमित तरीके से लिखते और बोलते हैं, यह स्पष्ट करने के लिए कि 'सभी शरणार्थी आप्रवासी हैं लेकिन सभी आप्रवासी शरणार्थी नहीं हैं।' एक घटना के रूप में आव्रजन आर्थिक समृद्धि, असमानता, जनसांख्यिकी, हिंसा व संघर्ष और पर्यावरण परिवर्तन से संबंधित विभिन्न कारकों के कारण होता है। आम धारणा के विपरीत, शरणार्थियों की सबसे बड़ी संख्या तुर्की, सूडान और बांग्लादेश जैसे विकासशील और कम विकसित देशों में आश्रय ली है, जबकि उत्तरी अमेरिका और यूरोप अभी भी पेशेवर आप्रवासियों के लिए हरे–भरे चारागाह बने हुए हैं। आव्रजन की जटिल गति को वर्तमान वैश्विक दायरे में पूरी तरह से मापा, समझा और नियंत्रित नहीं किया जा सकता है। आव्रजन और शरणार्थियों पर भारत का मिश्रित रुख, गैर–वापसी और बोझ साझाकरण पर अंतर्राष्ट्रीय शरणार्थी सम्मेलन के विरोधाभासी स्थिति की प्रतिक्रिया है।

भारतीय कानूनी प्रणाली में शरणार्थियों से निपटने के लिए कोई समान कानून नहीं है। भारत एक शरणार्थी संभावित क्षेत्र है और इसे अपनी परंपरा के अनुरूप अपनी मिश्रित शरणार्थी कानून नीति की समीक्षा करने की आवश्यकता है। एक भावी आश्रय कानून में राज्यविहीनता के खिलाफ अधिकार और नागरिकता प्राप्त करने के लिए एक निश्चित समय सीमा के अंदर प्रक्रियात्मक कार्रवाई पूरी होने का प्रावधान होना चाहिए। इसमें शरणार्थियों को शामिल करने, बाहर करने और समाप्ति का मापदंड, गैर–वापसी का सिद्धांत, शरण के लिए आवेदन की प्रक्रिया और शरण मांगने वालों के आवेदन पर विचार करने के लिए संस्थान इत्यादि को स्पष्ट रूप से उल्लेख करने की आवश्यकता है।

10.9 संदर्भ ग्रंथ

आचार्य, भैरव, (2016) ''दि फ्यूचर ऑफ ऐजाइलम इन इण्डिया : फोर प्रिंसिपल्स टू ऐप्रेज रिसेंट लेजिस्लेटिव प्रोपोजल्स'', इन *एनयूजेएस लॉ रिव्यू*।

भट्टाचार्जी, सौरभ, (2008) ''इण्डिया नीड्स ए रिफ्यूजी लॉ'', इन *इकोनॉमिक एण्ड पॉलिटिकल वीकली*, 43, 9 मार्च।

गिब्सन, जे., एण्ड डी., मैक कैंज़ी, (2016), *ऑस्ट्रेलिया'ज पेसिफिक सीजनल वर्कर पाइलट स्कीम : डेवलपमेंट इम्पैक्ट्स इन दि फर्स्ट टू इयर्स*, न्यूजीलैण्ड : यूनिवर्सिटी ऑफ वैकाटो।

ग्लोबल कॉम्पैक्ट फॉर सेफ, ऑर्डर्ली एण्ड रेग्यूलर माइग्रेशन, इण्टरगवर्नमेंटली नेगोशिएटेड एण्ड एग्रीड आउटकम, 13 जुलाई 2018, अवेलेबल ऐट : https://www.un.org/pga/72/wp-content/uploads/sites/51/2018/07/180713_Agreed-Outcome_Global-Compact-for-Migration.pdf,

गाइडिंग प्रिंसिपल्स ऑन डिस्पलेसमेंट, ओसीएचए/यूएन, 1998, अवेलेबल ऐट :https://www.unocha.org/sites/dms/Documents/GuidingPrinciplesDispl.pdf

इंडिया'ज पोजिशन ऑन लीगल स्टेटस ऑफ रिफ्यूगीज, इंट्रोडक्शन, 2010, अवेलेबल ऐट :http://shodhganga.inflibnet.ac.in/bitstream/10603/128419/12/09_chapter%201.pdf

इंटरनेशनल ऑर्गेनाइजेशन फॉर माइग्रेशन (आईओएम), वर्ल्ड माइग्रेशन रिपोर्ट, 2018, अवेलेबल ऐट :https://publications.iom.int/system/files/pdf/wmr_2018_en.pdf

इंटरनेशनल ऑर्गेनाइजेशन फॉर माइग्रेशन (आईओएम), वर्ल्ड माइग्रेशन रिपोर्ट, 2011https://publications.iom.int/system/files/pdf/wmr2011_english.pdf

आईओएम'ज स्ट्रैटजी टू इनेबल, इंगेज एण्ड इम्पावर डायस्पोरा, आईओएम, जीनेवा, 2017, अवेलेबल ऐट :https://diaspora.iom.int/ioms-strategy-enable-engage-and-empo wer-diaspora.

इप्सोस, एमओआरआई, *पर्सेप्शंस आर नॉट रियलिटी : व्हाट दि वर्ल्ड गेट्स रॉन्ग, दिसंबर 2016*, अवेलेबल एट :www.ipsos.com/ipsos-mori/en-uk/perceptions-are-not-reality-what-world-gets-wrong?language_content_entity=en-uk.

कोसेर, के., (2010), डायमेंशंस एण्ड डायनामिक्स ऑफ इर्रेग्युलर माइग्रेशन, *पॉप्युलेशन, स्पेस एण्ड प्लेस*, 16।

लैक्ज़को, एफ., (2017), इम्प्रूविंग डाटा ऑन माइग्रेशन : ए 10–प्वाइंट प्लान, माइग्रेशन पॉलिसी प्रैक्टिस, 7, 1, जनवरी, अवेलेबल एट : https://publications.iom.int/system/ files/smuggling_report.pdf.

मान्जी, एफ., (2017), *नो विन–विन्स इन केनिया'ज मॉडर्न–डे वॉयेजेज इन सर्च ऑफ वर्क*, ब्रूकिंग, इंस्टीच्यूशन, 26 मई, अवेलेबल एट :www.brookings.edu/blog/future६ development/2017/05/26/no-win-wins-in-kenyas-modern-dayvoyages-in-search -of-work/.

माइग्रेशन एडवाइजरी कमिटी, *माइग्रेंट्स इन लॉ–स्किल्ड वर्क : दि ग्रोथ ऑफ ईयू एण्ड नॉन–ईयू लेबर इन लॉ–स्किल्ड जॉब्स एण्ड इट्स इम्पैक्ट ऑन दि यूके*, लंदन, 2014, अवेलेबल ऐट : www.gov.uk/government/uploads/system/uploads/attachment_ data/file/333083/MAC-Migrants_in_low-skilled_work__Full_report_2014.pdf.

ऊमेन, जी.जेड., (2015), साउथ उशिया–गल्फ माइग्रेट्री कॉरिडोर : इमर्जिंग पैटर्न्स प्रोस्पेक्ट्स एण्ड चैलेंजेज, *माइग्रेशन एण्ड डेवलपमेंट*, 5, 3, 2015

ऑर्गेनाइजेशन फॉर इकोनॉमिक कॉ–ऑपरेशन एण्ड डेवलपमेंट (ओईसीडी), दि फिस्कल इम्पैक्ट ऑफ इमिग्रेशन इन ओईसीडी कंट्रीज, इन *इंटरनेशनल माइग्रेशन आउटलुक 2013*, ओईसीडी, पैरिस, 2013

श्रीवास्तव, आर. एण्ड ए. पाण्डे (2018), *इंटरनल एण्ड इंटरनेशनल माइग्रेशन इन साउथ एशिया : ड्राइवर्स, इंटरलिंकेज एण्ड पॉलिसी इश्यूज*, यूनाइटेड नेशंस ऐजुकेशनल, साइंटिफिक एण्ड कल्चरल ऑगेनाइजेशन, न्यू डेल्ही। अवेलेबल ऐट :http://unesdoc. unesco.org/images/0024/002494/249459E.pdf.

यू.एन. जनरल एसेम्बली : *न्यू यॉर्क डिक्लेरेशन फॉर रिफ्यूज एण्ड माइग्रंट्स : रिजोल्यूशन / एडॉप्टेड बाय दि जनरल एसेम्बली, ए/आरईएस/71/1*, ऑक्टूबर 2016, अवेलेबल ऐट : available at:http://www.refworld.org/docid/57ceb74a4.html

यून एन हाई कमिश्नर फॉर रिफ्यूजीज (यूएनएचसीआर), *ग्लोबल ट्रेंड्स : फोर्स्ड डिस्पलेसमेंट इन 2017*, जीनेवा, 2017

यूनाइटेड नेशनंस हाई कमिश्नर फॉर रिफ्यूजीज (यूएनएचसीआर), ग्लोबल ट्रेंड्स फोर्स्ड डिस्पलेंसमेंट इन 2016, *जीनेवा, 2017*

वान, हीयर, एन., (2011), ''डायस्पोराज, रिकवरी एण्ड डेवलपमेंट इन कॉन्फ्लिक्ट–रिड्डन सोसाइटीज'', इन *दि माइग्रेशन–डेवलपमेंट–नेक्सस : ए ट्रांसनेशनल पर्सपेक्टिव ऑन चेंजिंग पराडाइम्ज एण्ड ऑर्गेनाइजेशंस*, टी. फेस्ट, एम. फॉजर एण्ड पी. किविस्टो, ऐडिटर्स, लन्दन, पालग्रेव मैकमिलन।

वर्ल्ड बैंक (2016), *माइग्रेशन एण्ड डेवलपमेंट : ए रोल फॉर दि वर्ल्ड बैंक ग्रुप*, वाशिंगटन, डी.सी.।

वर्ल्ड बैंक (2017), *माइग्रेशन एण्ड रिमिटेंसेज : रिसेंट डेपलपमेंट एण्ड आउटलुक*, माइग्रेशन एण्ड डेपलपमेंट ब्रीफ 27, वर्ल्ड बैंक, वाशिंगटन डी.सी.। अवेलेबल एट : at:http://pub docs.worldbank.org/en/992371492706371662/MigrationandDevelopmentBrief27.pdf.

10.10 अपनी प्रगति की जांच करें अभ्यास के उत्तर

अपनी प्रगति की जांच करें अभ्यास 1

शरणार्थी अपने मूल के देश से सामान्यीकृत हिंसा, विदेशी आक्रामकता, आंतरिक संघर्षों और बड़े पैमाने पर मानवाधिकारों के उल्लंघन के कारण भाग जाते हैं। इसके विपरीत, आप्रवासी उन लोगों की एक व्यापक श्रेणी है जो विभिन्न कारणों से अन्यत्र रहने के लिए अपने निवास स्थान को छोड़ देते हैं। डायस्पोरा उन आप्रवासी समुदायों को कहा जाता है जो अपने देश के साथ संबंध बनाए रखते हैं।

अपनी प्रगति की जांच करें अभ्यास 2

मजदूरी असमानता, आप्रवासियों के परिवारों का कल्याण, बेरोजगारी व अल्परोजगारी में कमी लाना, गरीबी में कमी, सामाजिक विकास, विदेशों से धन भेजना, कौशल का हस्तांतरण, ज्ञान और प्रौद्योगिकी, जोखिम लेना, श्रम आपूर्ति, घरेलू श्रमिकों की मजदूरी और रोजगार पर बाजार का प्रतिकूल प्रभाव, पेंशन दबाव पर दबाव, सभ्यताओं का संघर्ष, इस्लामोफोबिया, नागरिक संघर्ष का जारी रहना, शरणार्थियों और स्थानीय समुदायों के संघर्ष, आव्रजन प्रवाह पर सीमित आंकड़े।

अपनी प्रगति की जांच करें अभ्यास 3

प्रवासन गलियारे, भौगोलिक निकटता, अफ्रीका के लोगों जीसीसी देशों में जाना, यूरोप में अंतर–क्षेत्रीय आव्रजन, शेंगेन क्षेत्र, ब्रेक्सिट, अमेरिका में मेक्सिकोवासी, कोलंबिया सबसे शरणार्थी भेजने वाला सबसे बड़ा राज्य है, वेनेजुएला में कोलंबिया और इक्वाडोर के अंतर–क्षेत्रीय शरणार्थी, उत्तरी में सबसे अधिक विदेशी शरणार्थी अमेरिका में हैं, अमेरिका में हालिया आव्रजन में चीन और भारत ने मेक्सिको को पीछे छोड़ दिया है, ओसिनिया क्षेत्र के शरणार्थी या तो ऑस्ट्रेलिया में रहते हैं या न्यूजीलैंड में, एशिया में चीन और भारत के सबसे अधिक आप्रवासी विदेशों में रहते हैं, जापान में नकारात्मक

जनसंख्या वृद्धि, कोरिया गणराज्य में सबसे कम जन्म दर और सबसे तेजी से बुजुर्ग होती आबादी, श्रमिकों का जीसीसी देशों में पलायन, दक्षिण एशिया में आंतरिक पलायन, दक्षिण–पूर्व एशिया में अंतर–क्षेत्रीय आव्रजन गलियारा, मध्य एशियाई रूसी गणराज्य की ओर।

अपनी प्रगति की जांच करें अभ्यास 4

यूडीएचआर (1948), शरणार्थी सम्मेलन (1951) और इसका 1967 प्रोटोकॉल, आईसीसीपीआर (1966), आईसीईएससीआर (1966), आईएलओ (1949 और 1975), ओएयू, ओएएस, बैंकॉक सिद्धांत (1966), यूएन डीईएसए, ओईसीडी, विश्व बैंक, यूएनएचसीआर, आईडीएमसी, यूएनओडीसी, आईओएम।

अपनी प्रगति की जांच करें अभ्यास 5

1. विदेशी अधिनियम–1964, विदेशी अधिनियम–1940, विदेशी अधिनियम–1946, विदेशी पंजीकरण अधिनियम–1939, पासपोर्ट (भारत में प्रवेश) अधिनियम–1920, पासपोर्ट अधिनियम–1967, प्रत्यर्पण अधिनियम–1962, मानवाधिकार संरक्षण अधिनियम–1993
2. यूरोप केंद्रित, एक समूह या समुदाय के घटक के बजाय केवल एक व्यक्ति के रूप में शरणार्थी, मिश्रित प्रवास से निपटने में विफलता, 'बोझ बंटवारे' के प्रावधान की कमी।

ignou
THE PEOPLE'S
UNIVERSITY

इकाई11 मानव सुरक्षा

संरचना

11.0 उद्देश्य

11.1 परिचय

11.2 मानव सुरक्षा का परिभाषण : यूएनडीपी परिभाषा

11.2.1 सुरक्षा एक राज्य/राष्ट्रीय अवधारणा के रूप में

11.2.2 'लोक–केंद्रित' अवधारणा के रूप में बदलाव

11.3 मानव सुरक्षा, मानवाधिकार और मानव विकास

11.3.1 मानव सुरक्षा की आधुनिक अवधारणा

11.4 मानव सुरक्षा के विविध आयाम

11.5 मानव सुरक्षा और पारंपरिक सुरक्षा

11.6 सारांश

11.7 कुछ उपयोगी संदर्भ

11.8 प्रगति अभ्यास के उत्तर

11.0 उद्देश्य

इस इकाई में आप मानव सुरक्षा के बारे में पढेंगे। इस इकाई के अध्ययन के बाद आप निम्नलिखित को समझने में सक्षम होंगे :

- मानव सुरक्षा की अवधारणा
- मानव सुरक्षा और पारंपरिक सुरक्षा के बीच अंतर और
- मानव अधिकारों, मानव विकास और मानव सुरक्षा की परस्पर निर्भर प्रकृति

11.1 प्रस्तावना

विरोधाभास मानव प्रकृति का एक अंतर्निहित हिस्सा है। किसी भी कीमत पर शांति का पालन करके विरोधाभास का निपटारा किया जा सकता है। शांति तब तक हासिल नहीं की जा सकती जब तक विरोधाभास को निपटाने के लिए हिंसा के इस्तेमाल का त्याग कर अहिंसा का पालन नहीं किया जाता। अहिंसा शब्द को शारीरिक चोट के अभाव के रूप में नहीं बल्कि मनुष्यों, जानवरों और पौधों सहित सभी के प्रति प्रेम की सक्रिय शक्ति के रूप में समझा जाना चाहिए। विरोधाभास जहाँ मानव समाज के सामंजस्यपूर्ण ताने–बाने को नष्ट कर देते हैं, वहीं शांति उन्हें एक साथ लाती है । विरोधाभास लोगों को बाँटता है, शांति उन्हें एकजुट करती है। यदि मनुष्य को शांतिपूर्ण और सामंजस्यपूर्ण जीवन जीना है तो पहली आवश्यकता इसे विरोधाभास रहित करना है जो सुरक्षित और शांतिपूर्ण जीवन की ओर ले जाता है। हिंसा मनमुटाव कायम करता है, शांति से सहिष्णुता, प्रेम और सौहार्द उत्पन्न होता है। आज के

परिप्रेक्ष्य में, मानव सुरक्षा वही है जो शांतिपूर्ण (विरोधाभास , तनाव और नकारात्मकता रहित वातावरण वाले) जीवन को परिभाषित करती है। मानव सुरक्षा दुनिया भर में संवेदनशीलता को समझने के लिए एक उभरता हुआ पैटर्न है जिसमें पारंपरिक सुरक्षा की धारणा को चुनौती दी जाती है और मानव सुरक्षा की एक वैकल्पिक अवधारणा दी जाती हैय इसे राष्ट्रीय, क्षेत्रीय और वैश्विक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक प्राथमिक शर्त माना जाता है।

मानव सुरक्षा और उसके विकास की अवधारणा शीत युद्ध के बाद की घटनाओं एवं विकास अध्ययन, अंतरराष्ट्रीय संबंधों, रणनीतिक अध्ययन और मानवाधिकार सहित कई अनुसंधान क्षेत्रों को शामिल करते हुए सुरक्षा की बहु–अनुशासनात्मक समझ का परिणाम है। संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (1994) की रिपोर्ट "मानव विकास रिपोर्ट" को मानव सुरक्षा के क्षेत्र में विचारोत्तेजक प्रकाशन में से एक माना जाता है। रिपोर्ट में दो महत्वपूर्ण अवधारणाओं पर बल दिया गया है जो सर्वसाधारण के लिए प्रयोज्य है – 'आवश्यकता से स्वतंत्रता' और 'भय से स्वतंत्रता'। ये दोनों अवधारणाएँ दो स्तंभों की तरह हैं जो मानव सुरक्षा की अवधारणा की पवित्रता को नयी ऊँचाई देते हैं ।

11.2 मानव सुरक्षा का परिभाषण : यूएनडीपी परिभाषा

डॉ महबूब उल हक ने सबसे पहले संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम 1994 की मानव विकास रिपोर्ट में मानव सुरक्षा की अवधारणा की ओर वैश्विक ध्यान आकर्षित किया था। सामाजिक विकास पर कोपेनहेगन (डेनमार्क) में सम्पन्न संयुक्त राष्ट्र के 1995 विश्व शिखर सम्मेलन में इस पर चर्चा हुई। यूएनडीपी 1994 की मानव विकास रिपोर्ट में मानव सुरक्षा की परिभाषा में कहा गया है कि वैश्विक सुरक्षा के दायरे को विस्तृत करते हुए इसमें सात महत्वपूर्ण क्षेत्रों में उपस्थित खतरों को शामिल किया जाना चाहिए ।

राजनीतिक सुरक्षा : राजनीतिक सुरक्षा इस विषय पर केन्द्रित है कि क्या लोग ऐसे समाज में रहते हैं जो उनके बुनियादी मानवाधिकारों का सम्मान करता है । एमनेस्टी इंटरनेशनल की रिपोर्ट के अनुसार, ज्यादातर देशों में राजनीतिक दमन, व्यवस्थित प्रताड़ना, दुर्व्यवहार, मानवाधिकारों का लोप जैसे मानवाधिकारों के उल्लंघन पाये जाते हैं। मानवाधिकारों का उल्लंघन अक्सर राजनीतिक अशांति का परिणाम होता है। कई मामलों में, राज्य को व्यक्तियों और समूहों का दमन करके मानवाधिकारों के उल्लंघनकर्ता के रूप में पहचाना गया हैय राज्य भी विचारों और सूचनाओं के मुक्त प्रवाह पर नियंत्रण का प्रयोग करता हुआ पाया जाता है।

आर्थिक सुरक्षा : आर्थिक सुरक्षा का अर्थ है किसी ऐसे व्यक्ति के लिए बुनियादी आय का आश्वासन जो, उत्पादक कार्य या श्रम से या किसी भी पेशे या कार्य में हो सकता है, आजीविका कमाता है। यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि केवल एक चौथाई दुनिया या वैश्विक जनसंख्या का एक मामूली प्रतिशत वर्तमान में आर्थिक रूप से सुरक्षित है। अधिकांश विकासशील देश अपने नागरिकों को रोजगार उपलब्ध कराने की समस्या से जूझ रहे हैं। यह समस्या विकासशील देशों तक ही सीमित नहीं है बल्कि विकसित देशों में भी है। साथ ही अधिकतर सरकारें अपने लोगों को रोजगार का लाभ दिलाने का आश्वासन देकर सत्ता में आने की कोशिश करती हैं। अक्सर, बेरोजगारी की

समस्या विभिन्न राज्यों/प्रांतों के लोगों के बीच टकराव और यहाँ तक कि बड़े पैमाने पर हिंसा और अप्रिय घटनाओं का कारण बना है ।

स्वास्थ्य सुरक्षा : स्वास्थ्य सुरक्षा सरकारों द्वारा अग्रेषित किसी भी नीति के सबसे महत्वपूर्ण घटकों में से एक है। इसका उद्देश्य बीमारियों और अस्वस्थ जीवनशैली से लोगों की सुरक्षा को आश्वस्त करना है। विकासशील देशों में मौत के प्रमुख कारण संक्रामक और परजीवी रोग हैं, जिससे सालाना लाखों लोगों की मौत होती है। विकसित देशों में भी स्वास्थ्य देखभाल सार्वजनिक जीवन का एक महत्वपूर्ण पहलू बन गया है और इनमें से कई राष्ट्रों को चिकित्सा कर्मचारियों की कमी का भी सामना करना पड़ रहा है । संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, विकासशील और विकसित दोनों देशों में आमतौर पर ग्रामीण क्षेत्रों में गरीब लोगों के लिए और विशेष रूप से महिलाओं और बच्चों के बीच स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए खतरा अधिक होता है। स्वस्थ आहार का अभाव, कुपोषण एवं दवा, साफ पानी और भोजन की अपर्याप्त आपूर्ति से यह खतरे की स्थिति और बढ़ जाती है।

खाद्य सुरक्षा : खाद्य सुरक्षा के लिए आवश्यक है कि हर समय सभी लोग शारीरिक और आर्थिक रूप से बुनियादी भोजन प्राप्त कर सकें। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट के अनुसार भोजन की समग्र उपलब्धता चुनौती नहीं है बल्कि भोजन का अनुचित और खराब वितरण एवं कुछ हद तक क्रय शक्ति की कमी खाद्य सुरक्षा की नई चुनौती है। हालांकि खाद्य पदार्थों के आयात का निरंतर चलन अतीत में कई देशों में दिखता रहा है, परंतु जब से एक बुनियादी अधिकार के रूप में खाद्य सुरक्षा को प्रमुखता मिली है, तब से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय दोनों स्तरों पर इसका ध्यान रखा जा रहा है। खाद्य सुरक्षा का आर्थिक सुरक्षा से भी गहरा संबंध है जिसमें भोजन की गुणवत्ता क्रय शक्ति द्वारा निर्धारित होती है।

पर्यावरण सुरक्षा : यह राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय संगठनों तथा सरकार द्वारा आश्वासित अन्य अधिकारों में सम्मिलित अपेक्षाकृत एक नया अधिकार है। इसका उद्देश्य प्रकृति के लघु और दीर्घकालिक विनाश, मानव निर्मित आपदाओं तथा प्राकृतिक पर्यावरण की गुणवत्ता और प्राकृतिक संसाधनों की कमी से लोगों की रक्षा करना है । राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय दोनों संगठनों के लिए पर्यावरण सुरक्षा से संबंधित प्रमुख चिंताएँ वायु प्रदूषण, जल प्रदूषण, स्वच्छ पानी की कमी और सुरक्षित पर्यावरणीय मानकों तक पहुँच हैं। औद्योगिक देशों में एक बड़ा खतरा वायु प्रदूषण है। ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन की वजह से ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन पर्यावरण सुरक्षा का एक और प्रमुख मुद्दा है ।

व्यक्तिगत और सामुदायिक सुरक्षा : व्यक्तिगत सुरक्षा का उद्देश्य लोगों को शारीरिक हिंसा से बचाना है, चाहे वह राज्य या किसी अन्य बाहरी राज्यध्बलों से हो या हिंसक व्यक्तियों, समूहों, राज्य और उप–राज्य अभिकर्ताओं से हो। इस सुरक्षा में घरेलू हिंसा से और वयस्क दरिंदों से सुरक्षा भी शामिल है। इसका उद्देश्य छोटे अपराधों से लेकर जघन्य अपराधों एवं हिंसक गतिविधियों से भी लोगों को बचाना है। सामुदायिक सुरक्षा का उद्देश्य लोगों के सामान्य संबंधों एवं आदर्शों को समाप्त होने से बचाना है और साथ ही मानव को सामाजिक, सांप्रदायिक, धार्मिक और जातीय हिंसा के नुकसान से बचाना है। विशेष रूप से संख्या में छोटे समुदाय , अल्पसंख्यक, प्रजातीय समूह आदि सामुदायिक हिंसा और इसके प्रभावों द्वारा भेद्य हैं। दुनिया के लगभग आधे राज्यों में अंतर–जातीय संघर्ष का कोई न कोई रूप सामने आया है।

सतत निगरानी और नीति निर्माण के कारण यूएनडीपी की सात श्रेणियों के खतरों में से अधिकांश पर्याप्त वैश्विक ध्यान और संसाधन प्राप्त करने में सक्षम हैं । मानव सुरक्षा के लिए इन पहलों से दो महत्वपूर्ण अवधारणाएँ उभरकर सामने आईं । एक "भय से स्वतंत्रता" और दूसरा "आवश्यकता से स्वतंत्रता" है। यूएनडीपी 1994 की रिपोर्ट में दोहराया गया है कि मानव सुरक्षा के लिए, "भय से स्वतंत्रता" और "आवश्यकता से स्वतंत्रता" दोनों पर ध्यान देने की आवश्यकता है । लोग किस तरह के खतरों का सामना करते हैं, दुनिया के किस हिस्से से आते हैं और उनके लिए सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए राज्य की पहल क्या है ,इन बातों पर आधारित होने के कारण इन अवधारणाओं में समय के साथ–साथ भिन्नताएँ रहीं हैं । इसके अलावा इन खतरों का उत्तर देने के लिए तंत्र में व्यापक रूप से भिन्नता है और संबंधित प्राधिकारियों द्वारा इन पर भी गहन विचार किया गया है ।

i. भय से स्वतंत्रता : यह विचारधारा व्यक्तियों को हिंसक संघर्षों से बचाने में मानव सुरक्षा के अभ्यास को सीमित करना चाहती है, जबकि यह स्वीकार करती है कि ये हिंसक द्वन्द गरीबी, राज्य की क्षमता की कमी और असमानताओं के अन्य रूपों से जुड़े हुए हैं। इस दृष्टिकोण का तर्क है कि मानव सुरक्षा की हिंसा केन्द्रित सीमित सोच मानव सुरक्षा के प्रति एक यथार्थवादी और प्रबंधनीय दृष्टिकोण है। आपातकालीन सहायता, संघर्ष की रोकथाम और समाधान एवं शांति निर्माण इस दृष्टिकोण के मुख्य बिन्दु हैं।

ii. आवश्यकता से स्वतंत्रता : यह सोच मानव सुरक्षा को प्राप्त करने में एक समग्र दृष्टिकोण की वकालत करता है और तर्क देता है कि खतरे के एजेंडे में भूख, रोग और प्राकृतिक आपदाओं को भी शामिल करना चाहिए क्योंकि वे मानव असुरक्षा की जड़ को संबोधित करने में अविभाज्य अवधारणाएँ हैं और वे युद्ध, नरसंहार और आतंकवाद तीनों द्वारा संयुक्त रूप से मारे गए लोगों से कहीं अधिक लोगों की मृत्यु का कारण बनती हैं । "भय से स्वतंत्रता" से अलग, यह हिंसा से परे विकास और सुरक्षा लक्ष्यों पर जोर देने की बात करता है।

11.2.1 सुरक्षा : एक राज्यध्राष्ट्रीय अवधारणा के रूप में

मौलिक रूप में, किसी राज्य में व्यक्ति विशेष या समूहों के सुरक्षा की सोच क्षेत्रीय संप्रभुता की अवधारणा पर आधारित थी। जैसे ही इसका उल्लंघन हुआ, इसे सुरक्षा का उल्लंघन माना गया और हथियारों के जरिए लोगों की सुरक्षा के पारंपरिक तरीकों को अपनाया गया। इसलिए राज्य/राष्ट्रीय सुरक्षा सुनिश्चित करके मानव सुरक्षा को सुरक्षित किया गया। यह राष्ट्र की संप्रभुता को राज्य संरक्षण की सर्वोच्च विशेषता के रूप में रखेगा। इसका अर्थ है प्रादेशिक सीमाओं के भीतर रहने वाले लोगों की सुरक्षा और साथ ही बाहरी आक्रामकता से राज्य के सीमाओं की सुरक्षा भी। इसलिए क्षेत्रीय अखंडता प्रमुख चिंता का विषय था । एक राष्ट्र की सीमाएं बाहरी खतरों से जितनी सुरक्षित होती है वह राष्ट्र उतना ही सुरक्षित माना जाता है। राष्ट्रीय सुरक्षाध्राज्य सुरक्षा या लोगों की सुरक्षा की जिम्मेदारी सामान्यतया सरकार की थी। राज्य को सुरक्षित करने के लिए वित्त और मानव संसाधनों का निवेश इसके द्वारा वांछनीय है। जब संप्रभुता को सुनिश्चित रूप में लागू किया जाता है, तो संप्रभुता सहित राज्य की सुरक्षा स्वाभाविक रूप से सुनिश्चित हो जाती है ।

11.2.2 'लोक–केंद्रित' अवधारणा के रूप में बदलाव

मानव सुरक्षा के लिए चिंतन की उत्पत्ति का कारण 20 वीं सदी के शुरू में बारंबार होने वाले युद्ध थे जिसने व्यक्तिगत एवं राष्ट्रव्यापी नुकसान की वजह से दुनिया को हिलाकर रख दिया था। बाद में आए अंतर्राष्ट्रीय संगठनों ने इस चिंता को प्रमुखता दी तथा लोक एवं राष्ट्र की सुरक्षा और सकुशलता को सुरक्षित करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। ''द्वितीय विश्व युद्ध और उसके बाद संयुक्त राष्ट्र आधारित विभिन्न सम्मेलनों में हुए विचार–विमर्श ने राज्यकीय या राष्ट्रीय संप्रभुता आधारित सुरक्षा की परिमितता और लोगों के जीवन की सुरक्षा की आवश्यकता को सामने लाया।'' इस अवधारणा ने लोगों के अधिकारों और सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित कर दिया। इसके कारण संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 'मानवाधिकारों पर सार्वभौमिक घोषणा' को अपनाया जिसमें लोगों के अधिकारों की रक्षा करने और लोगों के लिए एक अच्छा जीवन सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न तरीकों से उनकी रक्षा करने का आह्वान किया गया था। इस घोषणा को 10 दिसंबर, 1948 को अपनाया गया था और संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा अपनी प्रस्तावना के अंत में स्पष्ट रूप से कहा गया था कि :

यह 'सार्वभौमिक मानवाधिकार घोषणापत्र' सभी लोगों और सभी देशों के लिए उपलब्धि के एक आम मानक के रूप में, हर व्यक्ति और समाज के हर अंग का आह्वान करती है कि वे , इस घोषणा को लगातार ध्यान में रखते हुए, शिक्षण और शिक्षा के द्वारा इन अधिकारों और स्वतंत्रताओं के प्रति सम्मान को बढ़ावा देने के लिए और प्रगतिशील उपायों, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय, सदस्य देशों के लोगों के बीच और लोगों के क्षेत्रों के बीच उनकी सार्वभौमिक और प्रभावी मान्यता और पालन को सुरक्षित करने के लिए उनके अधिकार क्षेत्र में सदैव प्रयासरत रहेगा।

इसके अलावा, 25 जून 1993 को अपनाए गए वियना घोषणा और कार्यक्रम में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि (भाग 1, पैरा 1) (Human Rights, 1994, p.194) :

मानवाधिकार विश्व सम्मेलन संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अनुसार सभी मानवाधिकारों और सार्वभौमिक सम्मान को बढ़ावा देते हुए सभी के लिए मौलिक स्वतंत्रताओं के पालन और संरक्षण, मानवाधिकारों और अंतरराष्ट्रीय कानून से संबंधित अन्य साधनों के प्रति सभी राज्यों द्वारा अपने दायित्वों को पूरा करने की गंभीर प्रतिबद्धता की पुष्टि करती है। इन अधिकारों और स्वतंत्रताओं की सार्वभौमिक प्रकृति सवाल से परे है।

इसढांचे में, संयुक्त राष्ट्र के उद्देश्यों की पूर्ण प्राप्ति के लिए मानवाधिकारों के क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग बढ़ाना जरूरी है ।

मानव अधिकार और मौलिक स्वतंत्रताएँ सभी मनुष्य के जन्मसिद्ध अधिकार हैं; इनका संरक्षण और संवर्धन सरकार की पहली जिम्मेदारी है।

फ्रैंकलिन डी रूजवेल्ट, संयुक्त राज्य अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति, ने 1941 में राष्ट्र के लिए अपने संबोधन में चार आवश्यक स्वतंत्रताओं का वर्णन करते हुए कहा था कि "हम चार आवश्यक मानव स्वतंत्रताओं पर स्थापित दुनिया की कामना करते हैं।"

पहला है 'बोलने और अभिव्यक्ति की आजादी' – दुनिया में हर जगह।

दूसरा है 'दुनिया के हर कोने में हर व्यक्ति को अपने तरीके से भगवान की पूजा की आजादी'।

तीसरा है 'आवश्यकता से स्वतंत्रता' – जिसका सांसारिक रूप में मतलब है आर्थिक समझ जो हर देश के लिए असैनिक काल के दौरान अपने निवासियों के लिए दुनिया में कहीं भी एक स्वस्थ एवं शांतिमय जीवन प्रदान करने की क्षमता को सुनिश्चित कर सके।

चौथा 'भय से स्वतंत्रता' है, जो दुनिया के संदर्भ में अनुवादित होने पर यह बताता है कि विश्वव्यापी तौर पर आयुध भंडार में इतनी कमी हो जाय कि कोई भी राष्ट्र किसी भी पड़ोसी के खिलाफ जमीनी आक्रामकता का कार्य करने में सक्षम ही न रहे। (पी 41, मानवाधिकार, 1994)।

राष्ट्रपति रूजवेल्ट चाहते थे कि इसे हासिल करने के लिए हमें दूसरी सहस्राब्दी में न जाना पड़े। यह ख्याल ''हमारे अपने समय और पीढ़ी में प्राप्य दुनिया के लिए एक निश्चित आधार है।'' (पी.41, मानवाधिकार, 1994)।

यह स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि विश्व युद्धों के अंत ने मानव अधिकारों और सुरक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण गतिविधियों और इस विषय में चिंतन को बल दिया है। आज भी, अक्सर इस सुरक्षा की, एक सुरक्षित और बेहतर दुनिया के लिए मानव जाति द्वारा एक दूसरे के प्रति सबसे मूल्यवान योगदान के रूप में चर्चा की जाती है ।

अपनी प्रगति की जांच करें अभ्यास 1

नोट : i) अपने उत्तर के लिए नीचे दिए गए स्थान का उपयोग करें।

ii) अपने उत्तर के सुझावों के लिए इकाई के अंत में देखें।

1. 1994 मानव विकास रिपोर्ट के परिपेक्ष्य में मानव सुरक्षा की अवधारणा का विवरण करें।

.....

.....

.....

.....

.....

11.3 मानव सुरक्षा, मानव अधिकार और मानव विकास

अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के गठन के बाद से एक प्रसिद्ध विषय मानवाधिकारों के क्षेत्र में ज्यादातर इस बात पर चर्चा की गई कि वर्ग या किसी अन्य अंतर की परवाह किए बिना राज्य द्वारा मनुष्यों के अधिकारों को कैसे सुनिश्चित किया जाना चाहिए। हालाँकि एक अच्छे जीवन की अवधारणा को भी मानवाधिकारों के क्षेत्र में शामिल किया गया है, लेकिन विश्व भर की सरकारों की नीतियाँ मानव जीवन के प्रत्येक पहलू की रक्षा और रक्षा के तरीकों पर केंद्रित थीं। यहीं से मानव विकास की अवधारणा और हाल ही में, मानव सुरक्षा की अवधारणा उत्पन्न हुई। राष्ट्रीय सरकारें, अंतरराष्ट्रीय संगठन और विश्व आर्थिक संगठन भी दुनिया भर में प्रत्येक व्यक्ति के लिए एक सुरक्षित और संतुष्ट जीवन निर्धारित करने में सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं । विकास का मतलब सिर्फ आर्थिक विकास नहीं है। इसमें मानव जीवन के सामाजिक,

राजनीतिक, सांस्कृतिक और पर्यावरणीय पहलू भी शामिल हैं। गैर–आर्थिक पहलुओं के सम्मिलन ने दुनिया का अधिक ध्यान आकर्षित किया है और इसलिए मानवाधिकार, मानव विकास और मानव सुरक्षा की अवधारणाएँ बहुत एकीकृत अवधारणाएँ बन गई हैं। इससे एक तरह से समाज में संतुलित विकास सुनिश्चित होता है और लोगों के कल्याण के लिए नीतियाँ बनाते समय सभी का सम्मिलन भी सुनिश्चित होता है।

अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थान भी इस पहल को बढ़ावा देने में सक्रिय रूप से शामिल हैं क्योंकि यह लोगों के लिए बेहतर जीवन सुरक्षित करता है। वास्तव में, ऋण वितरित करते समय कुछ नियम और शर्तें मानवाधिकारों और एक राष्ट्र द्वारा अपने नागरिकों को जीवन स्तर प्रदान करने के प्रयासों पर केन्द्रित होती हैं। इन अवधारणाओं के साथ प्राकृतिक और मानव निर्मित आपदाओं में प्रभावित लोगों के पुनर्वास, श्रमिकों का अशोषण, बाल श्रम का निषेध और कर्मचारियों के लिए सुनिश्चित सुरक्षा मानक आदि जैसे अधिक से अधिक मुद्दों को बारीकी से जोड़ दिया जाता है। मुख्य रूप से मानव सुरक्षा की गारंटी देने वाले समग्र विकास की योजना बनाने और कार्यान्वित करने में विकास एजेंसियों की सहायता लेने पर ध्यान केंद्रित किया गया है। इसका मकसद समाज के कमजोर तबकों की रक्षा करना और मानव सुरक्षा को बढ़ावा देना है। विकास और सुरक्षा पहलों को संबंधित एजेंसियों और सरकारों द्वारा शुरू की गई नीतियों में परिलक्षित किया जाना चाहिए।

11.3.1 मानव सुरक्षा की आधुनिक अवधारणा

परंपरागत रूप से सुरक्षा का अर्थ बाहरी आक्रामकता के खतरे का अभाव और एक राष्ट्र की क्षेत्रीय सीमाओं की सुरक्षा है। युद्ध की समाप्ति तक विश्व सुरक्षा से वंचित रहा। दुनिया भर में सुरक्षा की अवधारणा को बढ़ावा देने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक पहल की गई थी। लेकिन नब्बे के दशक तक चली शीत युद्ध की शुरुआत ने सुरक्षा की अवधारणा को बदल दिया था। दुनिया के देशों का अमेरिका और तत्कालीन यूएसएसआर के साथ संलग्नता के कारण विश्व में असुरक्षा का तत्व व्याप्त था। यद्यपि शीत युद्ध 1990 के दशक में समाप्त हो गया, इसने दुनिया भर में नए मुद्दों और चिंताओं को जन्म दिया। दुनिया ब्लॉक राजनीति से मुक्त था, लेकिन राष्ट्रों के लिए विकास सबसे बड़ा मुद्दा था जो कि पिछले वर्षों के दौरान पृष्ठभूमि में चला गया था।

उन राष्ट्रों द्वारा एक पहल की गई थी जिनका उद्देश्य सुरक्षा के अग्रदूतों के रूप में मानव विकास और मानवाधिकारों पर अधिक ध्यान केंद्रित करना था। तदुपरान्त मानव सुरक्षा का उद्भव मानव जीवन के एक महत्वपूर्ण तत्व के रूप में हुआ। सुरक्षा की पारंपरिक अवधारणा में मानव जीवन के सभी पहलुओं को शामिल नहीं किया गया था। नीति निर्माण के समय कहीं भी सामाजिक या सांस्कृतिक पहलू को ध्यान में नहीं रखा गया था। इसलिए गरीब, जरूरतमंद, अधिकारहीन, विकलांग आदि सभी को नीति में शामिल करने के लिए मानव अधिकार और विकास की अवधारणा को नए अनुपात में विस्तारित किया गया। यह स्थापित किया गया कि कल्याणकारी उपायों के साथ मानवाधिकारों के दृष्टिकोण को सुदृढ़ किया जाना चाहिए और इसके माध्यम से लोगों की सुरक्षा को सुनिश्चित किया जाना चाहिए। राष्ट्रीय, क्षेत्रीय और वैश्विक स्थिरता के लिए जन केंद्रित सुरक्षा की नितांत आवश्यकता समय की माँग थी । इसलिए अवधारणा में कई विषय शामिल थे जो सीधे एक दूसरे से संबन्धित थे और निपुणता से आपस में जुड़े हुए थे। इनमें मानव सुरक्षा की विभिन्न अवधारणाओं का एक

संलयन शामिल था जिसमें विकास अध्ययन, रणनीतिक अध्ययन, मानवाधिकार, अर्थशास्त्र और अंतरराष्ट्रीय संबंध शामिल थे। यूएनडीपी की 1994 मानव विकास रिपोर्ट (एचडीआर 1994) एक मील का पत्थर था जिसने लंबे समय तक दुनिया भर में लोगों को परेशान करने वाले वैश्विक असुरक्षा से लड़ने के लिए मानव सुरक्षा की आवश्यकताओं को प्रमुखता दिया।

एचडीआर 1994 में कुछ महत्वपूर्ण बिंदु सामने आए जो निम्नलिखित हैं :

i. इसमें चिरस्थाई मानव विकास के विचार का उल्लेख किया गया था जिसके अंतर्गत लोग हर समय सुरक्षित महसूस करते हैं ।

ii. इसमें स्पष्ट उल्लेख किया गया था कि भविष्य में जो संघर्ष संभावित हैं वे विवादित दलों तक सीमित रहें और दूसरों तक न जाएँ।

iii. दलों की गहरी सामाजिक–आर्थिक विषमताओं और वंचना युक्त मुख्य चिंताओं को भी इसे दूर करना चाहिए।

iv. सुरक्षा का मतलब विकास होना चाहिए न कि सशस्त्र कार्रवाई जिनसे हर कीमत पर बचा जा सकता है।

v. सुरक्षा का मतलब आय सुरक्षा, स्वास्थ्य सुरक्षा, प्राकृतिक पर्यावरण सुरक्षा एवं छोटे और गंभीर अपराधों से सुरक्षा आदि क्षेत्रों में किए गए सुरक्षा उपाय होना चाहिए।

आर्थिक और विकास अध्ययनों पर एक विख्यात विशेषज्ञ सबीना अल्किरे ने मानव सुरक्षा के उद्देश्य का वर्णन ''सभी मानव जीवन के महत्वपूर्ण मर्म को संकटपूर्ण व्यापक खतरों से दीर्घकालिक मानव पूर्ति के अनुरूप बचाना" के रूप में किया है। उनके काम को इस संदर्भ में पूर्ण रूप से उद्धृत किया जाना चाहिए क्योंकि उन्होंने मानव सुरक्षा की अवधारणा को विस्तृत रूप में बताया है। मानव सुरक्षा में निहित हैं : (i) गरीबी और हिंसा दोनों पर संयुक्त ध्यान केंद्रित करना; (ii) इसकी 'जन–केंद्रित' प्रकृति; (iii) बहुआयामिताय (iv) लोगों के जीवन के महत्वपूर्ण मर्म पर सांस्कृतिक और व्यापक खतरा और (v) मानव सुरक्षा के उद्देश्य को सैद्धांतिक प्रक्रियाओं द्वारा प्रचालनात्मक नीतियों और परियोजनाओं में निर्दिष्ट और अनुवादित किया जाए ।

मानव सुरक्षा की अवधारणा की विस्तारपूर्वक व्याख्या निम्नांकित है :

1. मानव सुरक्षा का उद्देश्य मानव जीवन को हिंसक संघर्षों, रोगों आदि के खतरे से उपयुक्त संस्थानों द्वारा सुरक्षित रखना है और इस प्रकार सुरक्षा को संस्थागत बनाना है। खतरे की तुलना में मनुष्य पर अधिक ध्यान केंद्रित किया जाता है। मानव सुरक्षा मानव जीवन के बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के लिए लोगों के बीच क्षमताओं के निर्माण जैसे कुछ पहलुओं को समाहित करना चाहती है।

2. मानव सुरक्षा 'जन केंद्रित' और मानव कल्याण से जुड़ी विकास की पहल है। इसका अर्थ है कि आयु, धर्म, लिंग, राष्ट्रीयता आदि पर ध्यान दिए बिना मानव सुरक्षा प्रदान की जानी चाहिए।

3. मानव सुरक्षा मानव जीवन और उसकी सरल एवं महत्वपूर्ण खतरों से सुरक्षा पर केंद्रित है। सरल खतरों के अंतर्गत दैनिक रूप से परेशान करने वाली बुनियादी असुरक्षा आती है और महत्वपूर्ण खतरों के अंतर्गत मानव जीवन के बुनियादी कार्यों को प्रभावित करने वाली परेशानियाँ शामिल हैं।

4. मानव सुरक्षा का उद्देश्य शासन, भागीदारी, क्षमता निर्माण आदि के माध्यम से मानव आकांक्षाओं की पूर्ति करना है ।

5. मानव सुरक्षा एक वैश्विक अवधारणा है और इसमें दुनिया भर के क्षेत्र और देश शामिल हैं। सिर्फ व्यक्तियों को ही नहीं बल्कि समुदायों को भी सामूहिक शांति और सुरक्षा में रहना चाहिए और इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए उन्हें अपना योगदान देना चाहिए।

अपनी प्रगति की जाँच करें अभ्यास 2

नोट : i) अपने उत्तर के लिए नीचे दिए गए स्थान का उपयोग करें।

ii) अपने उत्तर के सुझावों के लिए इकाई के अंत में देखें।

1. मानव सुरक्षा, मानवाधिकारों और मानव विकास के बीच संबंधों का संक्षेप में वर्णन करें ।

.....

.....

.....

.....

.....

11.4 मानव सुरक्षा के विविध आयाम

अब तक हमने मानव सुरक्षा की अवधारणा और उद्‌भव के बारे में अध्ययन किया है । यह सभी कोणों से मनुष्यों के लिए एक संतुष्ट जीवन प्राप्त करने के सर्वोत्तम तरीकों में से एक है । इसके विविध आयामों में से कुछ निम्नलिखित हैं :

1. मानव सुरक्षा एक सामूहिक मुद्दा है। यह सुरक्षा के कुछ आयामों तक ही सीमित नहीं है, उदाहरण के लिए प्रादेशिक सुरक्षा। यह क्षेत्रीय मुद्दों से काफी परे है और पूरी दुनिया के व्यक्तियों में एक गुणवत्ता भरा जीवन लाना चाहता है। इसका संबंध आर्थिक पहलुओं से उतना ही है जितना सांस्कृतिक क्षेत्रों से।

2. इसमें मुद्दों का एक परस्पर संबन्धित आयाम है। उदाहरण के लिए, आर्थिक असुरक्षा संबंधित अपराध की ओर ले जा सकता है; कुपोषण से व्यक्तियों के स्वास्थ्य पर दीर्घकालिक और विनाशकारी प्रभाव पड़ सकते हैं। इसलिए, इसके अभिन्न दृष्टिकोण को कभी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है।

3. मानव सुरक्षा एक जन केंद्रित अवधारणा है। इस अवधारणा का एकमात्र उद्देश्य जागरूकता बढ़ाना और व्यक्तियों के साथ–साथ पूरे समुदायों के सकुशल एवं सुरक्षित जीवन की दिशा में काम करना है।

4. मानव सुरक्षा एक ऐसी अवधारणा है जिसमें चिंता के मुद्दों की पहचान की जा सकती है और उन्हें प्रारंभिक अवस्था में हल किया जा सकता है। उदाहरण के लिए एक महत्वपूर्ण कार्य यह है कि अशांतध्प्रभावित क्षेत्रों की पहचान करके प्रारंभिक चरण से काम करना ताकि आगे के नुकसान को रोका जा सके।

मानव सुरक्षा एक ऐसी अवधारणा है जिसमें सभी क्षेत्र शामिल हैं। यह विकसित और विकासशील राष्ट्र से; अमीर और गरीब लोगों से य संस्कृति को बनाए रखने से लेकर अपराधों से निपटने तक के मुद्दों से संबंधित है। हस्तक्षेप का तरीका एक सुरक्षित जीवन सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी तरीकों में से एक हो सकता है।

11.5 मानव सुरक्षा और पारंपरिक सुरक्षा

मानव सुरक्षा और पारंपरिक सुरक्षा की तुलना अक्सर उनके मुख्य उद्देश्यों को समझने के लिए की जाती है।

1. पारंपरिक सुरक्षा राष्ट्रीय क्षेत्र और उसके लोगों की सुरक्षा से संबंधित है। मानव सुरक्षा प्रादेशिक सुरक्षा से अलग अन्य क्षेत्रों में व्यक्तिगत और सामूहिक दोनों की सुरक्षा से संबंधित है।
2. पारंपरिक सुरक्षा में केंद्र बिन्दु प्रादेशिक एकीकरण और राज्य की भौतिक सीमाओं की सुरक्षा होता है। फिर भी, दोनों परस्पर निर्भर अवधारणाएँ हैं। जब आक्रामकता का कोई वास्तविक खतरा नहीं होता है, तभी कोई राज्य अपने नागरिकों के लिए मानव सुरक्षा लक्ष्यों को प्राप्त करने पर ध्यान केंद्रित कर सकता है।
3. मानव सुरक्षा का वास्ता अधिकतर आर्थिक, सामाजिक और पर्यावरण, भोजन तथा अन्य संबंधित मुद्दों से होता है। पारंपरिक सुरक्षा का उद्देश्य राष्ट्रीय संप्रभुता को बनाए रखना हैय जब कि मानव सुरक्षा और उसके उद्देश्य व्यक्तिध्समुदाय के बेहतर जीवन के लिए उनके विकास पर केन्द्रित होते हैं।
4. पारंपरिक सुरक्षा राज्य उन्मुख विषय है। मानव सुरक्षा जनोन्मुखी अखाड़ा है।
5. पारंपरिक सुरक्षा के अंतर्गत बाहरी आक्रामकता और दुश्मनों से लोगों की सुरक्षा शामिल होती है। मानव सुरक्षा पर्यावरण क्षरण, प्रदूषण, बीमारियों, अपराधों आदि जैसे खतरों से संबंधित होती है।
6. पारंपरिक सुरक्षा और संबंधित पहलू पूरी तरह से राज्य के दायरे में हैं। केवल सरकार ही निर्णायक भूमिका निभाती है। मानव सुरक्षा और संबंधित मुद्दे व्यक्तियों, समुदायों, गैर सरकारी, स्थानीय और अंतरराष्ट्रीय समुदायों और संगठनों द्वारा निपटाये जाते हैं।
7. पारंपरिक और मानव सुरक्षा दोनों के उद्देश्य एक ही है – सभी प्रकार की असुरक्षाओं से लोगों की सुरक्षा। दोनों परस्पर निर्भर अवधारणाएँ हैं और एक ऐसे मजबूत प्रणाली की ओर इंगित करते हैं जिसमें लोगों का कल्याण मुख्य उद्देश्य होता है।

अपने प्रगति की जाँच करें अभ्यास 3

नोट : i) अपने उत्तर के लिए नीचे दिए गए स्थान का उपयोग करें।

ii) अपने उत्तर के सुझावों के लिए इकाई के अंत में देखें।

1. मानव सुरक्षा और पारंपरिक सुरक्षा के बीच अंतर का संक्षेप में वर्णन करें ।

.....

.....

11.6 सारांश

मानव सुरक्षा की अवधारणा और उसकी क्रमागत उन्नति शीत युद्ध के बाद की घटनाओं, अध्ययन, अंतरराष्ट्रीय संबंधों, रणनीतिक अध्ययन और मानवाधिकार सहित कई अनुसंधान क्षेत्रों को शामिल करते हुए सुरक्षा की बहु–अनुशासनात्मक समझ का परिणाम है। संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (1994) की रिपोर्ट मानव विकास रिपोर्ट को मानव सुरक्षा के क्षेत्र में विचारोत्तेजक प्रकाशन में से एक माना जाता है। रिपोर्ट में दो महत्वपूर्ण अवधारणाओं पर बल दिया गया है जो सर्वसाधारण के लिए प्रयोज्य है – 'आवश्यकता से स्वतंत्रता' और 'भय से स्वतंत्रता' ।

ये दोनों अवधारणाएँ दो स्तंभों की तरह हैं जो मानव सुरक्षा की अवधारणा की पवित्रता को नयी ऊँचाई देते हैं। यूएनडीपी की सात श्रेणियों के खतरों में से अधिकांश को लगातार निगरानी और नीति निर्माण के कारण पर्याप्त वैश्विक ध्यान और संसाधन प्राप्त होंगे । इसका एक महत्वपूर्ण परिणाम यह हुआ है कि मानव सुरक्षा के लिए इन पहलुओं से दो महत्वपूर्ण अवधारणाएँ उभरकर सामने आईं हैं। एक, ''भय से स्वतंत्रता'' और दूसरा "आवश्यकता से स्वतंत्रता" है। यूएनडीपी 1994 की रिपोर्ट में जोर देकर कहा गया है कि मानव सुरक्षा के लिए भय और आवश्यकता दोनों से स्वतंत्रता की ओर ध्यान देना आवश्यक है। लोग किस तरह के खतरों का सामना करते हैं, दुनिया के किस हिस्से से आते हैं और उनके लिए सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए राज्य की पहल क्या है, इन बातों पर आधारित होने के कारण इन अवधारणाओं में समय के साथ–साथ भिन्नताएँ रहीं हैं। इसके अलावा, इन खतरों का उत्तर देने के लिए तंत्र में व्यापक रूप से भिन्नता है और संबंधित प्राधिकारियों द्वारा इन पर भी गहन विचार किया गया है। मानव सुरक्षा के लिए चिंता 20 वीं सदी के शुरू में दुनिया को हिलाकर रख देने वाली युद्ध के कारण हुए व्यक्तिगत एवं राष्ट्रव्यापी नुकसान की वजह से और गहन हो गयी। बाद में आए अंतर्राष्ट्रीय संगठनों ने इस चिंता को आगे बढ़ाया और लोगों और राष्ट्र की सुरक्षा और सकुशलता को सुरक्षित करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

11.7 संदर्भ ग्रंथ

अल्कीरे, साबिना, (2003), *ए कॉन्सेप्चुअल फ्रेमवर्क फॉर ह्यूमन सिक्यूरिटी,* (सीआरआईएसई), वर्किंग पेपर 2, लन्दन, यूनिवर्सिटी ऑफ ऑक्सफोर्ड (ऑनलाईन)

कैरोलीन, थॉमस, (2000), *ग्लोबल गवर्नेंस, डेवलपमेंट एण्ड ह्यूमन सिक्यूरिटी : दि चैलेंजेज ऑफ पूवर्टी एण्ड इनइक्वेलिटी,* लन्दन : प्ल्यूटो प्रेस।

महबूब–उल–हक़, (1999), *रिफ्लेक्शंस ऑन ह्यूमन डेवलपमेंट,* लंदन : ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस।

किंग, गैरी, एण्ड क्रिस्टोफर मुर्रे, रिथिंकिंग ह्यूमन सिक्यूरिटी, *पॉलिटिकल साइंस क्वार्टर्ली,* वॉल्यूम–116, नं.64

सोमाविया, जुआन, (1999), *पीपल'ज सिक्यूरिटी–ग्लोबलाइजेशन सोशल प्रोग्रेस,* यूएनडीपी, 1994, *ह्यूमन डेवलपमेंट रिपोर्ट,* न्यू यॉर्क : ओयूपी।

11.8 अपनी प्रगति की जांच करें अभ्यासों के उत्तर

अपनी प्रगति की जांच करें अभ्यास 1

आपके उत्तर में निम्नलिखित शामिल होने चाहिए

मानव सुरक्षा की परिभाषा 1994 की यूएनडीपी रिपोर्ट में परिभाषित मानव सुरक्षा के रूप में।

अपनी प्रगति की जांच करें अभ्यास 2

आपके जवाब में मानव सुरक्षा, मानवाधिकारों और मानव विकास के बीच संबंध शामिल होना चाहिए।

अपनी प्रगति की जांच करें अभ्यास 3

आपके उत्तर में निम्नलिखित शामिल होना चाहिए

पारंपरिक राज्य सुरक्षा के विचार के खिलाफ मानव सुरक्षा के रूप का वर्णन।

ignou
THE PEOPLE'S
UNIVERSITY

ignou
THE PEOPLE'S
UNIVERSITY